**खबर संक्षेप**



### सुभाष चौक स्थित रेस्टोरेंट में लगी आग

**कटनी।** शनिवार को सुभाष चौक स्थित फूड आइसलैंड रेस्टोरेंट में आग लग गई। आग लगने की सूचना मिलने पर नगर निगम प्रशासन द्वारा फायर वाहन को टीम के साथ निर्धारित समय पर घटना स्थल सुभाष चौक के लिए रवाना कर स्थिति पर नियंत्रण पाने के लिए त्वरित राहत एवं बचाव कार्य प्रारंभ किए गए। सहायक फायर अधिकारी शैलेन्द्र कुमार दुबे ने बताया कि फायर कर्मचारियों ने सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए शीघ्र ही आग पर काबू पा लिया है। टीम द्वारा समय रहते की गई कार्रवाई से हादसे की व्यापकता पर रोक लगाने में सफलता मिल सकी। निगम प्रशासन ने बताया कि फायर ब्रिगेड दल सदैव अलर्ट मोड पर कार्यरत है और किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई के लिए रवाना किया जाता है।

### 108 कलशों से श्रीजी का किया महामस्तकाभिषेक



**कटनी।** पार्श्वनाथ दिग.जैन पंचायती मंदिर में प्रातः श्रीजी का महामस्तकाभिषेक 108 कलशों के द्वारा बड़ी श्रद्धा-भक्ति एवं मंत्रोच्चार के साथ किया गया कार्यक्रम में प्रथम कलश से अभिषेक करने का सौभाग्य अध्यक्ष-पवन कुमार अमन कुमार,शरद कुमार सतीश कुमार-पाटन,सतीश मोदी-राकेश मोदी, राजा सरावगी, अजय कुमार अतुल कुमार पहाड़ी अध्यक्ष-संजय जैन, आदित्य जैन, राकेश कुमार दीपक जैन ट्रान्सपोर्ट, कोमलचंद सजीव कुमार नगर निगम को प्राप्त हुआ। पंचायत महासभा के अध्यक्ष संजय जैन ने बताया कि जैन पंचायत के तत्वाधान में श्रद्धालुओं द्वारा एक बस में अतिशय क्षेत्र कुण्डलपुर में पहुंचकर बड़े बाबा के दर्शन के उपरांत प्रमाण सागर महाराज को श्रीफल चढ़ाकर कटनी आने का अनुरोध किया।

### शत प्रतिशत परिणाम लाने पर अतिथि शिक्षक को किया गया सम्मानित



**स्लीमनाबाद।** सांदीपनी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय स्लीमनाबाद मै कार्यरत अतिथि शिक्षक सविनय तिवारी को भौतिक शास्त्र में शत प्रतिशत परिणाम लाने पर राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी व नर्मदापुरम सांसद दर्शन सिंह चौधरी द्वारा सम्मानित किया। कटनी में राज्य शिक्षक संघ द्वारा शिक्षक सम्मान आयोजित किया गया।

### भूला–टिकरिया में खनन माफिया की दबंगई, प्रशासन नहीं दे रहा ध्यान

# यह भी खूब: रास्ते में खुदवा दी गहरी नाली रात के अंधेरे में बाक्साइड का अवैध खनन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

माफिया द्वारा खनिज संपदा की बेखौफ होकर मनमाने तरीके से दोहन किया जा रहा है लेकिन जिम्मेदारों को जांच की फुर्सत नहीं है। खनिज माफियाओं को कहीं सियासी संरक्षण प्राप्त है तो कहीं स्थानीय जिम्मेदार अधिकारियों से तगड़ी सेटिंग हैं। खनिजों के अवैध दोहन से माफिया और संरक्षणकर्ताओं की जेब तो भर रही है लेकिन शासन को तगड़ी राजस्व चपत लग रही है।

स्लीमनाबाद तहसील के भूला–टिकरिया क्षेत्र में बॉक्साइट का अवैध उत्खनन करने वाले माफियाओं को भी सरपरस्ती मिली हुई है जिससे वह पूरी तरह बेखौफ हो गया हैं। जीपीएस लोकेशन युक्त प्रमाण सामने आने और लगातार शिकायतों के बावजूद कार्रवाई न होने से माफियाओं के हौसले इस कदर बढ़ गए हैं कि अब उन्होंने प्रशासनिक जांच को रोकने के लिए रास्ते में जेसीबी से गहरी नाली खुदवा दी है।



सूत्रों के अनुसार खनन क्षेत्र तक पहुंचने वाले मुख्य रास्ते को जानबूझकर काट दिया गया है, ताकि कोई भी अधिकारी या जांच दल सीधे वाहन से अवैध खनन स्थल तक न पहुंच सके। इस नाली के कारण चार पहिया वाहन आगे नहीं जा पाते, जिससे जांच में देरी हो और खनन माफिया को समय मिल सके।

खनन माफिया की सेटिंग इतनी तगड़ी है कि जैसे ही किसी अधिकारी के आने से पहले ही उसे खबर मिल जाती है। कार्यवाही से बचने खनन में लगे मजदूर, ट्रैक्टर और जेसीबी मशीनें मौके से हटा ली जाती हैं। रास्ते में खुदवाई गई नाली इस पूरी योजना का अहम हिस्सा बताई जा रही है।

जानकारी के मुताबिक प्रतिदिन रात के समय 3 से 4 ट्रैक्टर और एक जेसीबी मशीन मौके पर पहुंचाई जाती है। देर रात से सुबह लगभग 5 बजे तक लगातार बॉक्साइट का उत्खनन किया जाता है। सुबह होते ही मशीनें और वाहन हटा लिए जाते हैं, जिससे दिन में स्थल शांत नजर आता है।

#### जिम्मेदारों कि मिली सरपरस्ती

बताया जा रहा है कि शिकायत के साथ प्रस्तुत जीपीएस लोकेशन युक्त तस्वीरों से खनन स्थल की सटीक पहचान संभव है, इसके बावजूद राजस्व, पुलिस एवं खनिज विभाग के अधिकारी अब तक मौके पर जाकर जांच करने से कतरा रहे हैं। इसी प्रशासनिक निष्क्रियता का लाभ उठाकर खनन माफिया अब खुलेआम रास्ते तक काटने की हिम्मत दिखा रहा है। चर्चाओं की माने तो उत्खनन से जुड़े व्यक्ति का नाम भी शिकायत के माध्यम से अधिकारियों तक पहुंचा बावजूद इसके किसी प्रकार की जांच कार्यवाही नहीं की गई। अब क्षेत्र में यह चर्चा का विषय बना हुआ है कि कहीं न कहीं खनन माफिया को संरक्षण प्राप्त है।

#### शासन को लग रही चपत

ग्रामीणों का कहना है कि यह अवैध खनन शासकीय भूमि पर किया जा रहा है, जिससे शासन को प्रतिदिन लाखों रुपये के राजस्व का नुकसान हो रहा है। इसके साथ ही पर्यावरण को गंभीर क्षति, किसानों की जमीनों को नुकसान और ग्रामीण सड़कों की हालत भारी वाहनों के कारण बद से बदतर होती जा रही है।



# हनुमान मंदिर भागवत कथा का आयोजन 31 से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

**इंद्रेश महाराज करेंगे कथा का वाचन, 6 फरवरी तक चलेगी कथा**

आगामी 31 जनवरी से 06 फरवरी 2026 तक साउथ स्टेशन के पास रंगनाथ हनुमान मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञानयज्ञ का भव्य एवं दिव्य आयोजन किया जा रहा है। इस विशेष धार्मिक महोत्सव का प्रमुख आकर्षण कथा वाचक पं. इन्द्रेश उपाध्याय महाराज वृन्दावन धाम होंगे, जिनकी भावपूर्ण कथा शैली देशभर में श्रद्धालुओं को भाव-विभोर करती रही है। महाराज श्री अपने श्रीमुख से श्रीमद् भागवत महापुराण के दिव्य प्रसंगों के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण की अलौकिक लीलाओं, भक्तों की महिमा तथा मानव जीवन के परम लक्ष्य भक्ति, ज्ञान और वैराग्य का सरल एवं प्रभावशाली वर्णन करेंगे।

कथा के दौरान प्रतिदिन वैदिक मंत्रोच्चार, भजन-कीर्तन, हरिनाम संकीर्तन एवं कृष्णमय वातावरण से सम्पूर्ण क्षेत्र आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत रहेगा। यह आयोजन श्रद्धालुओं के लिए न केवल कथा श्रवण का अवसर होगा, बल्कि आत्मिक शांति, संस्कारों के संवर्धन और परिवार सहित धर्मलाभ प्राप्त करने का अनुपम क्षण भी सिद्ध होगा।

आयोजक समिति ने कथा में पहुंचने की अपील की है।

**तापमान में गिरावट से गलाव भरी ठंड का दिन भर होता रहा अहसास**

# दिन भर बादलों में छिपे रहे भगवान सूर्य, गलन भरी ठंड से हालत पतली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

बीते कुछ दिनों से लगातार मौसम ठंडा होता जा रहा है। शनिवार को दिन भर भगवान सूर्य के दर्शन नहीं हुए जिससे गलन भरी ठंड से लोग ठिठुरते रहे। शाम होते होते कोहरा गिरने से पारा दहाई अंक से भी नीचे चला गया। सर्द हवाओं की वजह से हाड़ कंपाने वाली ठंड में इजाफा हुआ है। दिनों दिन तापमान में गिरावट होने की वजह से गंभीर बीमारियों से ग्रसित मरीजों, वृद्धजनों एवं बच्चों को खासी परेशानी हो रही है। अधिक ठंड की वजह से सर्दी, खांसी आम हो गई है।



हवाओं के चलते ठंड से राहत नहीं मिली। लोग ठिठुरते नजर आ रहे हैं। शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों में या तो लोग घरों में दुबके रहे या फिर अलाव तापते रहे। कामकाजी लोग पूरी तरह गर्म कपड़ों में लिपटे रहे। ठंड की वजह से बाजार भी जल्दी बंद हो रहे हैं। अमूमन शहर में 11 बजे तक चहल पहल बनी रहती है लेकिन भीषण ठंड की वजह से शाम होते ही बाजारों में सन्नाटा छाने लगा। 9 बजे तक अधिकांश दुकानें बंद हो गई। भीषण ठंड को देखकते हुए निगम प्रशासन द्वारा कई जगहों पर अलाव जलाने के लिए लकड़ियों की व्यवस्था कराई जा रही है जिससे मुसाफिरों, बेसहारा लोगों को किसी तरह की परेशानी न हो। रात्रि विश्राम के लिए रैन बसेरा में व्यवस्था की गई है। बेसहारा लोगों को रात्रि विश्राम के लिए रैन बसेरा में तक पहुंचाने वाहन की व्यवस्था है।

शनिवार को धूप नहीं निकलने से दिन भर हल्के कोहरा की धुंध बनी रही। बर्फीली हवा से लोग ठिठुरते नजर आए। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में ठंड में और इजाफा होने की संभावना है।

**स्वच्छता के लिए निगम प्रशासन द्वारा चलाया जा रहा अभियान**



नागरिकों को बेहतर सफाई व्यवस्था मुहैया कराने के मद्देनजर महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी और नगर आयुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देश पर नगर के सार्वजनिक स्थलों एवं मुख्य मार्गों में सफाई अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत नगर के तहत पूजन सामग्री संग्रहण वाहन के माध्यम से नगरीय एवं उपनगरीय क्षेत्रों के मंदिरों एवं देवालयों से पूजन सामग्री एकत्रित की जा रही है। विभिन्न सार्वजनिक एवं व्यावसायिक स्थलों की सफाई व्यवस्था कराई जाकर एकत्रित कचरे को प्लांट भेजकर वैज्ञानिक तरीके से प्रोसेसिंग सुनिश्चित की गई। नगर के मुख्य मार्गो की सुंदरता के मद्देनजर मुख्य मार्गो के डिवाइडर की सफाई उपरांत माधवनगर गेट से दुगाडी नाला रोड तक सड़क किनारे पन्नियों एवं अपशिष्ट की सफाई के साथ ही जल निकासी की सुगम व्यवस्था हेतु विभिन्न नाले एवं नालियों की सफाई कराई गई।

# सांसारिक विषय भोग में नहीं भगवान की भक्ति में लगाये अपना जीवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

रीठी क्षेत्र के ग्राम खम्हरिया नं.1 में चल रही श्रीमद्भागवत महापुराण के द्वितीय दिवस कथा में श्री वृंदावन धाम से पधारे कथा व्यास शीतल संत मुरारीदास महाराज ने अमर कथा और शुकदेवजी के जन्म का वृतांत का विस्तार से वर्णन किया गया। कथा वाचक मुरारीदास ने कहा कि आप सब पर बाबा हरिदास जी की कृपा है, जिसकी वजह से आप आज कथा का आनंद ले रहे है। श्रीमद भगवत कथा का रसपान कर पा रहें हैं क्योंकि जिन्हें गोविन्द प्रदान करते है जितना प्रदान करते है उसे उतना ही मिलता है।



कथा में यह भी बताया की अगर आप भागवत कथा सुनकर कुछ पाना चाहते हैं, कुछ सीखना चाहते है तो कथा में प्यासे बन कर आए, कुछ सीखने के उद्देश्य से, कुछ पाने के उद्देश्य से आएं। मनुष्य जीवन विषय वस्तु को भोगने के लिए नहीं मिला है, लेकिन आज का मानव भगवान की भक्ति को छोड़ विषय वस्तु को भोगने में लगा हुआ है। उसका सारा ध्यान संसारिक विषयों को भोगने में ही लगा हुआ है। मानव जीवन का उद्देश्य कृष्ण प्राप्ति शाश्वत है। उन्होंने कहा कि हमारे जीवन का उद्देश्य कृष्ण को पाकर ही जीवन छोड़ना है और अगर हम ये दृढ़ निश्चय कर लेंगे कि हमें जीवन में कृष्ण को पाना ही है तो हमारे लिए इससे प्रभु से बढ़कर कोई और सुख, संपत्ति या सम्पदा नहीं है।

समिति के सदस्यों ने बताया कि प्रतिदिन रात्रि 8 बजे से क्षेत्रीय श्रीरामचरितमानस मंडल के सदस्यों द्वारा प्रतिदिन मानस पथ व भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी।

**द्वारा भवन में शिक्षक सम्मान समारोह का हुआ आयोजन**

# शिक्षक ही छात्र को तराशकर हीरा बनाते हैं और समाज को चमकाते हैं: राज्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

निश्चित ही माता-पिता किसी बच्चे के प्रथम गुरू होते हैं, लेकिन बच्चे को समाज का ज्ञान शिक्षक देता है। शिक्षक को ही छात्र की कमजोरी और ताकत पता होती है और उसी को ध्यान में रखकर वह उसे तराशता है। शिक्षक के तराशे छात्र ही हीरा बनकर चमकते हैं और समाज का नाम रोशन करते हैं। यह बात मप्र राज्य शिक्षक संघ के द्वारका भवन में आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह के दौरान प्रदेश सरकार की नगरीय प्रशासन राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने कही।

राज्य मंत्री ने कहा कि भगवान राम को उनके गुरू वशिष्ठ ने शिक्षा और संस्कार दिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा, शिक्षक और शिष्य इन तीनों के तालमेल से ही शिक्षा की गुणवत्ता होती है और हम ऐसा प्रयास करें कि प्रदेश में सरकारी स्कूलों में अपने बच्चों को पढ़ाने के लिए लोगों को निजी स्कूलों की तरह एप्रोच लगानी पड़ने लगे। कार्यक्रम के अतिथि नर्मदापुरम सांसद दर्शन चौधरी ने राज्य शिक्षक संघ के उत्कृष्ट शिक्षकों के सम्मान कार्यक्रम की प्रशंसा। उन्होंने कहा कि किसी देश का लंबे समय के लिए विकास चाहिए तो शिक्षा को बढ़ावा सबसे जरूरी है। सांसद चौधरी ने शिक्षकों से शिक्षा की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने की बात कही।



इसके पूर्व राज्य शिक्षक संघ के महासचिव विपिन तिवारी ने लगातार सातवें साल आयोजित किए जा रहे संघ के शिक्षक सम्मान समारोह कार्यक्रम पर प्रकाश डाला।

#### किया गया सम्मान

कक्षा दसवीं व 12वीं में अपने-अपने विषय का परीक्षा परिणाम सौ प्रतिशत देने वाले शिक्षकों का सम्मान किया गया। इसके साथ ही जिले के सेवानिवृत्त और प्राथमिक व माध्यमिक स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को भी राज्यमंत्री, सांसद सहित अतिथियों ने प्रशस्ति पत्र, प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान लगभग पांच सौ शिक्षक सम्मानित हुए।

कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक टंडन सोनी, डीइओ राजेश अग्रहरि, डीपीसी प्रेमनारायण तिवारी जनपद सीईओ प्रदीप सिंह सहित सुनील उपाध्याय ,रानू साहू , और शैलेंद्र त्रिपाठी ने भी संबोधित किया।

**कंट्रोल रूम में आयोजित साल की पहली बैठक में एसपी ने दिये निर्देश**

# अपनी जवाबदारी एवं लक्ष्य स्वयं तय कर प्रभावी कार्यवाही करें : पुलिस कप्तान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

पुलिस कंट्रोल रूम में वर्ष 2026 की प्रथम महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा द्वारा किया गया। बैठक में जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारी एवं थाना प्रभारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक महोदय ने नव वर्ष के लिए स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करते हुए उन्हें निश्चित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने बदलते परिदृश्य के अनुरूप कटनी पुलिस की कार्यशैली में सुधार, तकनीकी दक्षता बढ़ाने तथा आधुनिक पुलिसिंग के नए आयाम स्थापित करने पर विशेष बल दिया।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि अपराधियों के विरुद्ध “फुल फोर्स ऑफ लॉ” की नीति अपनाई जाए तथा थाना प्रभारी से लेकर बीट प्रभारी एवं आरक्षक स्तर तक प्रत्येक पुलिसकर्मी अपनी जवाबदारी एवं लक्ष्य स्वयं तय कर त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करे। विवेचना की गुणवत्ता में सुधार हेतु विवेचकों को तकनीकी एवं मैदानी रूप से अधिक दक्ष बनने के निर्देश दिए गए। बैठक में प्रत्येक थाना प्रभारी को अपने क्षेत्र की प्रत्येक ग्राम पंचायत में पुलिस चौपाल आयोजित करने, ग्रामीण क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरों की उपयोगिता, सायबर अपराध के प्रति जागरूकता, सड़क सुरक्षा अभियान, तथा हेलमेट के अनिवार्य उपयोग जैसे विषयों पर आमजन को जागरूक करने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही संपत्ति संबंधी अपराधों पर विशेष फोकस कर जिम्मेदार एवं संवेदनशील पुलिसिंग करने के निर्देश दिए गए।



बैठक के अंत में पुलिस अधीक्षक द्वारा विगत वर्ष 2025 में विभिन्न मापदंडों पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले थाना प्रभारियों को कैश रिवार्ड एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

#### कैश रिवार्ड एवं प्रशस्ति पत्र से किया सम्मानित

1. सडक सुरक्षा के तहत नशे में वाहन चलाने वालों चालकों को विरूध्द धारा 185 एमव्ही एक्ट में सर्वाधिक कार्यवाही करने पर शहरी क्षेत्र में थाना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राखी पाण्डेय तथा देहात क्षेत्र में बडवारा थाना प्रभारी के.के. पटेल को कैश रिवार्ड एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

2. गुम बालक/बालिकाओं की दस्तयाबी में थाना प्रभारी रीठी शाहिद खान को कैश रिवार्ड एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

3. सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के संतुष्टिपूर्वक निराकरण में थाना प्रभारी ढीमरखेडा को कैश रिवार्ड एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया । 4. महिला संबंधी अपराधों में 60 दिवस के भीतर सर्वाधिक प्रकरणों में विवेचना पूर्ण करने पर थाना प्रभारी माधवनगर संजय दुबे को कैश रिवार्ड एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया ।

5. वर्ष 2025 में लंबित अपराधों का निराकरण कर सबसे कम पेंडिग अपराध (0.89) रखने पर थाना प्रभारी ढीमरखेडा अभिषेक दुबे को कैश रिवार्ड एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया ।

6. अपराधों की रोकथाम हेतु वाहन चैकिंग के दौरान जिले में सर्वाधिक बिना नम्बर प्लेट के वाहनों का चालन एवं वाहन जप्त करने पर थाना प्रभारी कुठला राजेन्द्र मिश्रा एवं यातायात प्रभारी राहुल पाण्डेय को कैश रिवार्ड एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया । 7. ई-समंस पोर्टल में नॉन कंप्लायंस समंस/वारंट संख्या सबसे कम रखने पर थाना प्रभारी कैमोर आशीष शर्मा, थाना प्रभारी स्लीमनाबाद सुदेश समन, महिला थाना प्रभारी वर्षा सोनकर को कैश रिवार्ड एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया ।

8. वर्ष 2025 में थाने में प्राप्त स्थाई, गिरफ्तारी वारंट के तामीली में सबसे अधिक तामीली प्रतिशत (49% ) प्राप्त करने पर थाना प्रभारी रीठी शाहिद खान को कैश रिवार्ड एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया ।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव

उपहार वितरण सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि जन्मदिन उत्सव में भाग्यशाली विजेता अपना उपहार 9 जनवरी 2026 से हरिभूमि कार्यालय, जिला कार्यालय या अपने क्षेत्र के अभिकर्ता से प्राप्त कर सकते है। उपहार प्राप्त करने के लिये अपना पहचान पत्र, माह दिसंबर 2025 हरिभूमि अखबार का मासिक बिल साथ लावें।

समय : सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक।

नोट : रविवार के दिन उपहार का वितरण नहीं होगा।

## खबर संक्षेप



### नये साल में पर्यटन और देवी स्थलों पर उमड़ी भीड़

**उमरियापान।** नये साल पर उमरियापान क्षेत्र में स्थित प्राकृतिक एवं देवी-देवताओं के धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। नए साल के स्वागत और धार्मिक आस्था के चलते लोग सुबह से ही परिवार, मित्रों और रिश्तेदारों के साथ दर्शन के लिए पहुंचे। उमरियापान के बड़ी माई मन्दिर, भरभरा आश्रम, रामकुड़ी आश्रम, करौंदी स्थित देश के केंद्र बिंदु,पाली कचनारी स्थित वीरासन देवी मंदिर, दशरमन के महादेवी मंदिर सहित अन्य देवी स्थलों पर दिनभर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। देश के केंद्र बिंदु और मंदिरों में पहुंचे लोगों ने भ्रमण के बाद परिसर में बने स्मारक और मंदिरों में फोटो और वीडियो बनाए। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साझा कर एक-दूसरे को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। वहीं प्राकृतिक स्थलों पर भी लोगों ने वनभोज का आयोजन कर नए साल का उत्सव मनाया।नववर्ष की पूर्व संध्या से लेकर देर रात तक और नववर्ष के दिन भी श्रद्धालु दर्शन एवं उत्सव में जुटे रहे। सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए पुलिस भी मुस्तैद रही।

### बस स्टैंड में सुविधाओं नही होने से यात्री परेशान

**सिलौंडी।** सिलौंडी बस स्टैंड में ना बस खड़े की जगह हैं, ना प्रसाधन की सुविधा और ना ही यात्रियों को शुद्ध पानी मिल पा रहा है। सिलौंडी में लगभग रोज 25 से 30 बसों का आवागमन होने के बाद भी यात्रियों को मूल भूत सुविधाओं नही मिलने के कारण लोगों ने सिलौंडी बस स्टैंड को नेगाई शिप्ट करने की मांग किया है। ग्रामीणों ने बताया आजादी के 78 वर्षो के बाद भी सिलौंडी विकास की दौड़ में पीछे हो रहा है। सिलौंडी महाविद्यालय में रोज ही कछार गांव बड़ा, दशरमन सहित अनेक गांव के छात्र छात्राओं का पढ़ाई करने आने पड़ता है मगर सिलौंडी बस स्टैंड में प्रसाधन नही होने से बहुत दिक्कत होती है। नेगाई में सरकारी बस स्टैंड बनाने से छात्र छात्राओं को 2 किलोमीटर पैदल भी नही जाना पड़ेगा साथ ही सरकारी भूमि में ही सरकारी दुकानें बनने से क्षेत्र के युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। नेगाई में शासन की लगभग 250 एकड़ भूमि पड़ी है । नेगाई में बस जाने से सरकारी भूमि में अनेक निर्माण कार्य भी शुरू होगे उसका सदुपयोग भी होगा।

### निगम अमने ने गंदगी फैलाने पर 3 हजार रुपये का स्पॉट फाइन



**कटनी।** नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में निरीक्षण के दौरान सफाई नियमों का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों, दुकानदारों के विरुद्ध 3 हजार रूपये की स्पॉट फाइन की कार्यवाही की गई। स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी नें जानकारी देते हुए बताया कि निरीक्षण के दौरान मिशन चैक, मीट मार्केट एवं सिटी एरिया सहित जोन क्रमांक 4 कार्यालय कलेक्ट्रेट के सामनें सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फैलाने, गंदगी करने तथा निर्धारित स्वच्छता मानकों का पालन नहीं करने के मामलों में कुल 3 हजार रुपये का स्पॉट फाइन आरोपित किया गया। संबंधित व्यक्तियों को भविष्य में स्वच्छता नियमों का कड़ाई से पालन करने की समझाइश भी दी गई। नगर निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि स्वच्छता व्यवस्था से कोई भी समझौता नहीं किया जाएगा तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध आगे भी इसी प्रकार सख्त कार्यवाही जारी रहेगी। नागरिकों से अपील की गई है कि वे शहर को स्वच्छ बनाए रखने में सहयोग करें और निर्धारित नियमों का पालन सुनिश्चित करें।

---

### साप्ताहिक प्रगति की समीक्षा के दौरान कम वसूली पर जताई नाराजगी

# आयुक्त ने दी सख्त हिदायत, कम राजस्व वसूली में वेतन रोकने की होगी कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने निगम की राजस्व वसूली की साप्ताहिक समीक्षा बैठक के दौरान उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों को निर्देश दिये कि राजस्व अमला अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा एवं लगन के साथ करें, किसी भी कर्मचारी को कार्य के दौरान यदि कहीं कोई परेशानी हो तो खुलकर बताएं ताकि उसके निराकरण के प्रयास समय रहते कर सकें।

#### कम वसूली पर जताई नाराजगी

साप्ताहिक समीक्षा बैठक के दौरान राजस्व विभाग के सत्यनारायण मिश्रा, संतोष बिरहा, धमेन्द्र परौहा, संतोष गौतम, शैलेन्द्र कुण्डे, पुरुषोत्तम तिवारी, रमाकांत रावत, विश्राम कोल, अजय निगम, अरुण पाठक आदि की निम्न साप्ताहिक वसूली पर गहन नाराजगी व्यक्त की जाकर रोजाना बकायादारों से डोर टू डोर संपर्क कर वसूली में गति लाने के निर्देश दिए। निगमायुक्त सुश्री परिहार ने कम वसूली वाले वार्डो मे वसूली की प्रगति हेतु रोजाना समीक्षा कर आवश्यक सहयोग प्रदान करने हेतु सहायक राजस्व अधिकारी को निर्देशित किया। वहीं कम वसूली कर्ता कर्मचारियों को आगामी सप्ताह तक वसूली कार्य में गति नहीं लानें तथा 5 प्रतिशत से कम वसूली वालों के वेतन का आहरण रोकने एवं नोटिस जारी करने की कार्यवाही के निर्देश भी दिए। इस दौरान आरएसआई प्रमोद खरे एवं लवकुश तिवारी की वसूली कम होने पर उन्हें भी मेहनत कर टारगेट पूर्ण करने के निर्देश निगमायुक्त ने दिए।

#### बेहतर कार्य पर किया प्रोत्साहित

बैठक के दौरान सचिन तिवारी द्वारा 90 प्रतिशत साप्ताहिक वसूली किये जाने पर तालियां बजाकर उनको प्रोत्साहित किया जाकर उनके वसूली के तौर तरीकों की जानकारी ली गई तथा शेष लोगों को भी सचिन तिवारी की तरह रोजाना नागरिकों से संपर्क करने के प्रयास करते हुए वसूली कार्य में गति लाने हेतु प्रेरित किया गया।

बैठक के दौरान निगमायुक्त सुश्री परिहार द्वारा आवास रिकवरी के बीएलसी के प्रकरणों पर कार्यवाही करते हुए कृत कार्यवाही से आगामी बैठक में अवगत करानें, ट्रेड लाइसेंस की निर्धारित टारगेट अनुरूप वसूली करनें तथा बाजर बैठकी की वसूली में सुधार लानें के निर्देश अधिकारियों को दिए। निगमायुक्त द्वारा कुल वसूली एवं शेष वूसली की जानकारी ली जाकर प्रति सप्ताह एक करोड़ रूपये की वसूली का लक्ष्य निर्धारित किया जाकर निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप ही वूसली करनें की हिदायत दी गई। बैठक के दौरान राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक, सहायक राजस्व अधिकारी सागर नायक सहित राजस्व शाखा, जलकर शाखा, बाजार शाखा के कर्मचारी मौजूद रहे।

#### टीम का गठन कर नल कनेक्शन काटने की की करें कार्यवाही

जलकर शाखा की साप्ताहिक वसूली के दौरान प्रगति संतोषजनक नहीं होनें पर निगमायुक्त सुश्री परिहार द्वारा नाराजगी व्यक्त की जाकर वित्तीय वर्ष की समाप्ति को दृष्टिगत रखते हुए वसूली बढानें तथा बड़े बकायादारों की लिस्ट तैयार करते हुए निगम की अन्य शाखाओं के अधिकारी कर्मचारियों की टीम गठित करते हुए नल कनेक्शन विच्छेदन की कार्यवाही प्रारंभ करनें के निर्देश सहायक राजस्व अधिकारी सागर नायक को दिए।

---

# जैविक खेती से बदली किसान की जिंदगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

ढीमरखेड़ा विकासखंड के ग्राम बांध की निवासी किसान लीलाबाई कुशवाहा एक सीमांत किसान हैं। उनके परिवार में केवल दो सदस्य हैं और आजीविका का मुख्य साधन कृषि एवं मजदूरी रहा है। उनके पास कुल 2 एकड़ कृषि भूमि है, जिसमें वे पहले पारंपरिक रासायनिक खेती करती थीं।

रासायनिक खेती में अधिक लागत लगने, कम मुनाफा मिलने और मिट्टी की उर्वरता घटने के कारण उन्हें लगातार आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा था। खेत की मिट्टी कठोर हो गई थी और फसलों की उत्पादकता भी कम होती जा रही थी। लीलाबाई रबी मौसम में गेहूं एवं चना तथा खरीफ मौसम में धान की खेती करती थीं। इसके अलावा घरेलू आवश्यकताओं के लिए कुछ सब्जियां भी उगाती थीं।

वर्ष 2023 में किसान लीलाबाई मानव जीवन विकास समिति से जुड़ीं। समिति से जुड़ने के बाद उन्हें संस्था के माध्यम से जैविक एवं प्राकृतिक खेती, कृषि लागत कम करने की तकनीकों और टिकाऊ कृषि पद्धतियों का प्रशिक्षण दिया गया। पर्यावरणविद् एवं सचिव मानव जीवन विकास समिति निर्भय सिंह बताते हैं कि सब्जियों की व्यवसायिक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उन्हें 0.25 एकड़ क्षेत्र के लिए बैंगन, टमाटर एवं मिर्च के पौधे, वर्मी बेड, ड्रम एवं खेती की उन्नत तकनीकों की जानकारी उपलब्ध कराई गई।साथ ही कृषि विभाग से बीज भी उपलब्ध कराए गए। प्राप्त प्रशिक्षण एवं संसाधनों के आधार पर लीलाबाई ने व्यवस्थित रूप से जैविक तरीके से सब्जी उत्पादन प्रारंभ किया।

जैविक एवं प्राकृतिक खेती अपनाने से उनकी कृषि लागत में उल्लेखनीय कमी आई और खेत की मिट्टी में नमी एवं उर्वरता में सुधार हुआ। सब्जी उत्पादन से उन्हें कुल 30 हजार रुपए की आमदनी प्राप्त हुई।जिसमें से लागत निकालने के बाद 24 हजार 600 रूपए का शुद्ध लाभ हुआ।

इसके अतिरिक्त, परिवार को प्रतिदिन ताजी, रसायनमुक्त एवं पौष्टिक सब्जियां मिलने लगीं।, जिससे उनके परिवार के स्वास्थ्य में भी सकारात्मक सुधार देखने को मिला। वर्तमान में किसान लीलाबाई की आर्थिक स्थिति पहले की तुलना में बेहतर हुई है और वे आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हैं।


किसान लीलाबाई कुशवाहा एवं उनके परिवार ने अन्य किसानों से भी जैविक एवं प्राकृतिक खेती अपनाने का आग्रह किया है।

---

### स्नान, दान और सूर्य अर्घ्य से पूरी होती हैं मनोकामनाएं

# माघ माह आज से हो रहा प्रारंभ, स्नान व दान करने से होती है पुण्य की प्राप्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



पौष मास की पूर्णिमा से आरम्भ होकर माघ पूर्णिमा तक चलने वाला माघ स्नान अति पुण्य प्रदान करने वाला माना गया है। माघ माह का आगाज आज यानि रविवार 4 जनवरी से हो गया है जो 1 फ़रवरी 2026 तक रहेगा। माघ माह भगवान विष्णु की आराधना, पवित्र संगम स्नान, ओर उत्तम दान पुण्य के लिए सबसे प्रिय ओर विशेष महीना माना जाता है। इस माह मैं सूर्य के उत्तरायण होने से आध्यात्मिक ऊर्जा बढ़ती है। यह महीना तप का है, जिससे पापों का नाश ओर मोक्ष मिलता है। इस महीने में तीर्थ दर्शन करने की भी परंपरा है। इसी माह लोहड़ी, मकर संक्रांति पर्व मनाए जाएंगे। माघ माह में स्लीमनाबाद तहसील के मंदिरों में विविध कार्यक्रम आयोजित होंगे। माघ मास स्नान करने प्रसिद्ध रुपनाथ धाम, जिलहरी धाम, तपत कुंड धाम सहित नदी व सरोवरों मे स्नान करने लोग पहुंचेंगे।

स्लीमनाबाद स्थित सिंहवाहिनी मंदिर मे महिला मंडल की सदस्यों के द्वारा राम नाम संकीर्तन व रामचरित मानस पाठ का गायन किया जायेगा।माघ मैं स्नान का विशेष महत्व-पंडित दिलीप पौराणिक ने बताया किमाघ स्नान करने वाले मनुष्यों पर भगवान विष्णु प्रसन्न रहते हैं और उन्हें सुख-सौभाग्य, धन-संतान और मोक्ष प्रदान करते है। यदि सकामभाव से माघ स्नान किया जाय तो उससे मनोवांछित फल की सिद्धि होती है। इस माह के महत्व पर तुलसीदास ने श्री रामचरित मानस के बालखण्ड में लिखा है-'माघ मकर गति रवि जब होई ,तीरथपतिहिं आव सब कोई । माघ स्नान से शरीर के पाप जलकर भस्म हो जाते है ।इस मास में पूजन-अर्चन व स्नान करने से भगवान नारायण को प्राप्त किया जा सकता है।माघ मास का स्नान कुछ इलाकों में तो सूर्य के दक्षिणायन से उत्तरायण में आते ही यानि मकर संक्रांति के दिन से शुरू होता है ,लेकिन अधिकतर स्थानों पर इसकी शुरुआत पौषपूर्णिमा के दिन से ही हो जाती है। पंडित रमाकांत पौराणिक ने बताया कि पूजा, तपस्या, यज्ञ आदि से भी श्रीहरि को उतनी प्रसन्नता नहीं होती, जितनी कि माघ महीने में प्रातः स्नान कर जगत को प्रकाश देने वाले भगवान सूर्य को अर्घ्य देने से होती है। इसलिए सभी पापों से मुक्ति और भगवान वासुदेव की प्रीति प्राप्त करने के लिए प्रत्येक मनुष्य को माघ स्नान कर सूर्य मंत्र का उच्चारण करते हुए सूर्य को अर्घ्य अवश्य प्रदान करना चाहिए।

---

### आनंद उत्सव की तैयारी हेतु प्रशिक्षण सह कार्यशाला



आगामी 14 जनवरी से 28 जनवरी के मध्य आनंद संस्थान द्वारा जिले में आनंद उत्सव 2026 का आयोजन किया जाएगा। ग्रामीण एवं शहरी स्तर पर तीन चरणों में आयोजित होने वाले ₹आनंद उत्सव 2026₹ के आयोजन की पूर्व तैयारी एवं सुचारु आयोजन हेतु जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर की उपस्थिति में जिला पंचायत सभागार में प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान नगर परिषद एवं समस्त जनपद के एक-एक आनंद उत्सव कार्यक्रम प्रभारी एवं कंप्यूटर ऑपरेटर मौजूद रहें। जिला पंचायत सीईओ श्रीमती कौर ने कार्यक्रम के आयोजन के संबंध में आयुक्त नगर निगम, सभी एसडीएम, सभी जनपद पंचायत के सीईओ और सभी नगर परिषद व नगर पंचायत के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को जिला स्तर पर आवश्यक सहयोग के लिए अनिल काम्बले, डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम लीडर, आनंद विभाग कटनी से संपर्क करने के निर्देश दिए हैं।

---

# 31 जनवरी तक मिलेगा सरचार्ज में छूट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मध्यप्रदेश सरकार की समाधान योजना 2025-26 के प्रथम चरण की अवधि एक माह और बढ़ा दी गई है। उन्होंने बताया कि बकायादार उपभोक्ताओं की सतत भागीदारी और उनके उत्साह को देखते हुए योजना के प्रथम चरण की अवधि अब 31 जनवरी 2026 कर दी गई है। पिछले साल 3 नवंबर से शुरू हुई समाधान योजना 2025-26 में शामिल होकर लाखों बकायादार उपभोक्ताओं ने सौ फीसदी तक छूट का लाभ लिया। तीन माह से अधिक के बकायादार उपभोक्ता योजना के प्रथम चरण में शामिल होकर अपना बकाया बिल एकमुश्त जमा करके 100 फीसदी तक सरचार्ज माफी का लाभ उठा सकते हैं।

यह योजना उन बकायादार उपभोक्ताओं के लिए वरदान बनी है जो सरचार्ज के कारण मूलधन राशि जमा नहीं कर पा रहे थे। अब उन्हें समाधान योजना के प्रथम चरण में सरचार्ज में 60 से लेकर 100 प्रतिशत तक छूट के साथ एकमुश्त अथवा किस्तों में भुगतान करने का विकल्प मिल रहा है।

#### योजना पर एक नजर

समाधान योजना 2025-26 का उद्देश्य 3 माह से अधिक अवधि के उपभोक्ताओं को बकाया विलंबित भुगतान के सरचार्ज पर छूट प्रदान करना है। यह योजना जल्दी आएं, एकमुश्त भुगतान कर ज्यादा लाभ पाएं के सिद्धांत पर आधारित है। इस योजना में उपभोक्ता को प्रथम चरण में एकमुश्त भुगतान करने पर सबसे अधिक लाभ हो रहा है जबकि द्वितीय चरण के दौरान छूट का प्रतिशत क्रमशः कुछ कम हो जाएगा। यह योजना दो चरणों में प्रारंभ होकर प्रथम चरण की शुरुआत 3 नवंबर 2025 से हुई जो कि 31 जनवरी 2026 तक चलेगी। इसमें बकाया बिल एकमुश्त जमा करने पर 60 से लेकर 100 प्रतिशत तक सरचार्ज माफ किया जा रहा। इसके बाद द्वितीय और अंतिम चरण शुरू होगा जो कि 01 फरवरी से 28 फरवरी 2026 तक चलेगा, दूसरे चरण में 50 से 90 फ़ीसदी तक सरचार्ज माफ किया जाएगा। पंजीयन हेतु अलग-अलग उपभोक्ता श्रेणी के लिए पंजीयन राशि निर्धारित की गई है। घरेलू एवं कृषि उपभोक्ता कुल बकाया राशि का 10 प्रतिशत तथा गैर घरेलू और औद्योगिक उपभोक्ता कुल बकाया राशि का 25 प्रतिशत भुगतान कर पंजीयन कराकर योजना में शामिल होकर लाभ उठा सकते हैं। विस्तृत विवरण तीनों कंपनियों की वेबसाइटों पर भी देखा जा सकता है साथ ही विद्युत वितरण केंद्र में पहुंचकर भी योजना के संबंध में जानकारी ले सकते हैं।

---

### 43586 किसानों ने बेंची धान, 530 करोड़ का हुआ भुगतान

# जिले में अब तक 3 लाख 61 हजार मीट्रिक टन से अधिक धान उपार्जित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में जिले में 1 दिसंबर से समर्थन मूल्य पर शुरू हुये धान उपार्जन में 3 जनवरी तक कुल 43 हजार 586 कृषकों से अब तक 3 लाख 61 हजार 764 मीट्रिक टन धान का उपार्जन किया जा चुका है। जिले में अब तक 58 हजार 965 कृषकों द्वारा स्लॉट की बुकिंग की जा चुकी है तथा 2 लाख 62 हजार 655 मीट्रिक टन के स्वीकृति पत्रक भी जारी किये जा चुके है। साथ ही अब तक कृषकों को उपार्जित धान का 530.47 करोड़ रुपये का भुगतान भी किया जा चुका है।

#### उपार्जन में बहोरीबंद अग्रणी

जिले में अब तक समर्थन मूल्य पर हुए धान उपार्जन के मामले में तहसील बहोरीबंद अग्रणी है। यहां अब तक की स्थिति में कुल 8608 किसानों से 73 हजार 206 मीट्रिक टन धान का उपार्जन किया जा चुका है। जबकि दूसरे नंबर पर तहसील ढ़ीमरखेड़ा में 8136 किसानों से 56 हजार 894 मीट्रिक टन धान समर्थन मूल्य पर उपार्जित की जा चुकी है।

इसी प्रकार बड़वारा तहसील में अब तक 6252 किसानों से 46 हजार 446 मीट्रिक टन धान उपार्जित की गई है। जबकि रीठी तहसील में 4808 कृषकों से 45 हजार 888 मीट्रिक टन धान उपार्जित की जा चुकी है। विजयराघवगढ़ तहसील में अब तक की स्थिति में 5101 किसानों से 41 हजार 929 मीट्रिक टन धान उपार्जित की गई है। वहीं बरही तहसील में 4109 किसानों से 36 हजार 428 मीट्रिक टन धान उपार्जित की जा चुकी है।

इसके अलावा स्लीमनाबाद तहसील में 3213 किसानों से 29 हजार 336 मीट्रिक टन, कटनी नगर तहसील में 1904 किसानों से 19 हजार 770 मीट्रिक टन और कटनी ग्रामीण तहसील में 1455 किसानों से 11 हजार 868 मीट्रिक टन तथाव धान की खरीदी की जा चुकी है।

कलेक्टर श्री तिवारी ने धान उपार्जन कार्य से जुड़े सभी अधिकारियों को धान उपार्जन केन्द्रों में तिरपाल, पन्नी सहित अन्य समस्त आवश्यक इंतजाम पुख्ता रखनें के निर्देश दिए है। इसके अलावा कलेक्टर ने खरीदी केन्द्र प्रभारियों और इस कार्य से संबंधित सभी अधिकारियों को दो टूक लहजे मे निर्देशित किया है कि किसानों के हित से जुड़े मामले में किसी भी स्तर पर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

---

### स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा कर निगमायुक्त ने दिये निर्देश

# मवेशियों के आवारा विचरण, अमानक पालीथन के उपयोग पर करें जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



नगर क्षेत्र में वायु प्रदुषण को नियंत्रित कर नागरिकों को स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा वर्तमान में किए जा रहे प्रयासों में और भी सुधार की गुंजाइश है। इसके लिए निर्धारित रूट चार्ट के अनुरूप ही प्रत्येक मार्ग की सुनियोजित एवं सतत सफाई के प्रयासों को और भी व्यापक स्तर से किए जाने की आवश्यकता है।तभी नगर को पूर्ण रूप से स्वच्छ एवं व्यवस्थित करने में सफलता हासिल की जा सकेगी। उक्त बात निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक के दौरान कही।

#### करें सम्मिलित प्रयास

निगमायुक्त ने प्रमुख सड़कों एवं सार्वजनिक स्थलों पर नियमित यांत्रिक एवं मैनुअल सफाई करने, स्वीपिंग मशीन के माध्यम से धूल नियंत्रण की कार्यवाही अनवरत जारी रखने के निर्देश दिए। निगमायुक्त सुश्री परिहार ने मुख्य मार्गों के किनारे, डिवाइडर तथा पेवर ब्लॉक के ऊपर जमा धूल मिट्टी की सफाई कराकर एकत्रित धूल मिट्टी को ट्रैक्टर ट्राली से ढक कर उचित स्थान में डंप कराने की कार्यवाही हेतु स्वास्थ्य विभाग एवं उद्यान विभाग को आपसी समन्वय से कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया।

#### स्पॉट फाइन की कार्यवाही करने दिये निर्देश

निगमायुक्त ने घुमंतू मवेशियों के विचरण पर नियंत्रण हेतु रोजाना कारगर कार्यवाही करने के साथ ही सफाई नियमों का पालन नहीं करने, अमानक पॉलीथिन का उपयोग करने, निर्माण एवं विध्वंस कार्यों से उत्पन्न धूल पर नियंत्रण तथा सार्वजनिक मार्गों पर निर्माण सामग्री रखने वालों के विरुद्ध स्पॉट फाइन की कार्रवाई करने के निर्देश भी बैठक में अधिकारियों को दिए।

#### हरित क्षेत्र विकास की दिशा करें प्रयास

इसके अतिरिक्त मुख्य मार्गों की सुंदरता और हरित क्षेत्र विकास की दिशा में डिवाइडर के अंदर सुंदर छोटे फूलदार पौधों का रोपण कर स्प्रिंकलर के माध्यम से डिवाइडर के पौधों की सिंचाई करने के निर्देश बैठक के दौरान अधिकारियों को दिए।

निगमायुक्त द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि नगर निगम का उद्देश्य समन्वित प्रयासों के माध्यम से नगर की वायु गुणवत्ता में निरंतर सुधार कर इसे स्वच्छ, सुरक्षित एवं स्वास्थ्यवर्धक बनाना है।

#### कार्य में न हो लापरवाही

सभी कर्मचारी निर्धारित समय पर अपने कर्तव्य पर उपस्थित रहना सुनिश्चित करें, तथा अधिकारी अपने स्तर से सफाई व्यवस्था एवं वायु गुणवत्ता सुधार से संबंधित सभी कार्यों की नियमित समीक्षा करें। इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए।

बैठक के दौरान सहायक यंत्री आदेश जैन, स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी, उद्यान पर्यवेक्षक अभिषेक अरजरिया सहित सभी वार्डों के स्वच्छता निरीक्षक एवं वार्ड दरोगा मौजूद रहे।

---

# जंगल में विस्फोटक चबाने से गाय का जबड़ा फटा, लोगों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

रीठी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पटौहा के जंगल से शनिवार की दोपहर विस्फोटक से एक गाय गंभीर रूप से घायल हो गई। जानकारी के अनुसार पशु पालक दिनेश राय की गाय रोज़ की तरह पटौहा के जंगल में चरने के लिए गई हुई थी। इसी दौरान गाय ने जंगल में पड़ी किसी विस्फोटक वस्तु को खा लिया, जिससे तेज धमाका हुआ और गाय के मुंह का जबड़ा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के बाद गाय दर्द से तड़पती हुई जंगल से बाहर निकली, जिसे देखकर ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। पशु पालक दिनेश राय ने तत्काल ग्रामीणों की मदद से घायल गाय को उपचार के लिए सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। पशु चिकित्सकों के अनुसार विस्फोट की वजह से गाय के मुंह और जबड़े में गंभीर चोटें आई हैं, जिससे उसका भोजन करना भी मुश्किल हो गया है। इस घटना से क्षेत्र के पशु पालकों में भारी आक्रोश और भय का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जंगल में इस तरह की विस्फोटक वस्तुएं रखी जा रही हैं, तो इससे न सिर्फ मवेशियों बल्कि इंसानों की जान को भी खतरा है। चरवाहों और बच्चों के जंगल की ओर जाने पर बड़ा हादसा हो सकता है। ग्रामीणों ने प्रशासन और वन विभाग से मांग की है कि पूरे जंगल क्षेत्र में सघन तलाशी अभियान चलाया जाए और दोषियों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, साथ ही घायल गाय के इलाज और पशु पालक को उचित मुआवजा देने की भी मांग उठाई गई है। फिलहाल घटना की सूचना संबंधित विभागों को दे दी गई है और मामले की जांच की बात कही जा रही है।

खबर संक्षेप

## क्षेत्रीय सांसद से मांग पथरिया में ट्रेनों के स्टापेज हो

**पथरिया।** बीना कटनी रेलखंड में पथरिया स्टेशन जिसे वर्ष 2012 में आदर्श स्टेशन का दर्जा भी मिला लेकिन उसके बाद भी रेल्वे द्वारा सुविधाओं में इजाफा नही किया गया वर्षों बीत गए कम्प्यूटर आरक्षण केंद्र बनें लेकिन खंडर होने वाला है पर चालू नही किया गया वही कोरोना काल के पहले पथरिया में जिन 6 ट्रेनों का स्टापेज था उसमें से 5 ट्रेनें तो विगत वर्ष से रूकने लगी लेकिन भोपाल इटारसी विंध्याचल एक्सप्रेस का स्टापेज नही दिया जबकि उक्त ट्रेन कोरोना से पहले जबसे चालू हुई रूक रही थी लेकिन कोरोना के बाद अभी तक स्टापेज नही हुआ विगत करीब 3 माह पहले रेल्वे बोर्ड द्वारा 8 सितम्बर 2025 को विंध्याचल एक्सप्रेस का पथरिया में स्टापेज स्वीकृत कर दिया लेकिन पश्चिम मध्य रेलवे जोन जबलपुर मंडल द्वारा अभी तक स्वीकृति नही दी। जिससे स्टापेज नही हो पाया। क्षेत्रीय सांसद से आम जनता की मांग है कि दमोह संसदीय क्षेत्र में पथरिया स्टेशन भी है जो विधानसभा व अनुविभागीय मुख्यालय है इसलिए यहां की मांग शामिल की जाएं और जो अतिआवश्यक ट्रेन है जिसमें जबलपुर-अजमेर दयोदय, अमृतसर-विशाखापटनम हीराकुंड, जबलपुर-माता वैष्णो देवी कटरा के स्टापेज स्वीकृत किए जाए।

# उपकाशी में सोमनाथ शिवलिंग दर्शन को उमड़ा भक्तों का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हटा



उपकाशी के नाम से प्रसिद्ध आस्था की पावन नगरी हटा में सोमनाथ शिवलिंग भारत यात्रा के शुभ अवसर पर भव्य रुद्र पूजा एवं शिव आराधना का आयोजन किया गया। भगवान गौरीशंकर एवं जगत जननी मां चंडी की इस पावन भूमि पर हजारों शिव भक्तों ने चमत्कारिक सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के दर्शन कर नव वर्ष की शुरुआत आध्यात्मिक उल्लास के साथ की।इस अवसर पर श्रद्धा, भक्ति और आस्था से ओत-प्रोत वातावरण में भजन, कीर्तन एवं विधिवत रुद्राभिषेक संपन्न हुआ। जिले भर से पहुंचे श्रद्धालुओं की भारी उपस्थिति के कारण संपूर्ण क्षेत्र हर-हर महादेव के जयघोष से शिवमय हो उठा।

### वैदिक मंत्रोच्चार से गुंजायमान हुआ वातावरण

बैंगलोर से पधारे आर्ट ऑफ लिविंग के स्वामी शिव तेज जी के पावन सानिध्य में विधिपूर्वक शिव पूजा एवं रुद्र पूजा का आयोजन किया गया साथ ही पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं रुद्र अभिषेक और वैदिक मंत्रोच्चार से संपूर्ण वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण हो गया। श्रद्धालुओं ने शांत चित्त से भगवान शिव की आराधना कर सुख, शांति एवं कल्याण की कामना की।सोमनाथ शिवलिंग दर्शन से भावविभोर हुए श्रद्धालु रुद्राभिषेक के उपरांत श्रद्धालुओं ने पवित्र सोमनाथ शिवलिंग के दर्शन किए। भक्तों ने इसे अपने जीवन का सौभाग्यपूर्ण क्षण बताते हुए कहा कि इस आयोजन से उन्हें आंतरिक शांति, सकारात्मक ऊर्जा और आध्यात्मिक आनंद की अनुभूति हुई। पूरे आयोजन के दौरान अनुशासन, सेवा और समर्पण की भावना स्पष्ट रूप से देखने को मिली। आयोजकों एवं स्वयंसेवकों के समन्वय से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। सोमनाथ शिवलिंग भारत यात्रा का यह पड़ाव हटा के श्रद्धालुओं के लिए एक अविस्मरणीय आध्यात्मिक अनुभव बन गया।

### इनका रहा विशेष सहयोग

इस पावन आयोजन में आर्ट ऑफ लिविंग वैदिक धर्म संस्थान की राज्य समन्वयक मनीषा लुंबा, स्वामी शिव तेज जी, बीडीएस जोनल कॉर्डिनेटर पद्मश्री मुद्गल, पार्थिव शिवलिंग निर्माण आचार्य रज्जन प्रसाद और पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष शिवचरण पटेल का विशेष योगदान रहा। आर्ट ऑफ लिविंग के शिक्षक आशुतोष सुहाने एवं वरिष्ठ स्वयंसेवकों में राजबहादुर पटेल, उदयभान पटेल, गौरव सिंघई, शिव राय, संदीप राय, पवन बत्रा, अभिषेक सुहाने, अनिल पटेल, आनंद नामदेव, ऋतिक गुप्ता, मनोज चौरसिया एवं शोभित फौजदार ने सक्रिय भूमिका निभाई। वहीं भजन मंडली के गायक संजय तिवारी, हर्ष पटेल एवं उनकी टीम ने अपने सुमधुर भजनों से उपस्थित श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

## आवारा सांडों को पकडकर भेजा गौशाला



**हटा।** शासन के निर्देशानुसार नगरीय सीमा क्षेत्र की सड़कों पर घूम रहे आवारा गोवंश सांडों को समीपस्थ गौशालाओं में भिजवाने हेतु आदेश जारी किए गए थे जिसके परिपालन में हटा नगर पालिका प्रशासन की टीम द्वारा शनिवार को नगर की सड़कों पर घूम रहे आवारा गोवंश सांडों को पकड़कर पशु चिकित्सालय में एकत्रित कर पशु चिकित्सकों द्वारा उनका बधियाकरण कर हार्ट टोल प्लाजा के काऊ कैचर से जरारूधाम गौशाला मैं भेजा गया जहां पर उनके खाने पीने के अलावा स्वास्थ्य देखभाल की जावेगी। नगर पालिका सीएमओ राजेंद्र खरे ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर की सड़कों पर आवारा सांडों के विचरण करने से काफी सड़क दुर्घटनाएं हो रही थी जिससे प्रदेश सरकार ने विशेष संज्ञान में में लेते हुए समूचे प्रदेश के नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों मैं आवारा सांडों को समीप की गौशालाओं में व्यवस्थित करने के आदेश पर हटा नगर की सड़कों पर घूम रहे सांडों का बदियाकरण कर जरारूधाम गौशाला में नगर पालिका की टीम द्वारा भेजा गया जिससे अब काफी हद तक आवारा सांडों से छुटकारा मिलेगा एवं दुर्घटनाओं पर अंकुश लगेगा। नगर पालिका की टीम द्वारा अब नगर छोटी-छोटी गलियों में घूम रहे आवारा सांडों को पड़कर गौशालाओं भेजें जाने की कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

## रुचि पालीवाल राजपूत को मिली पीएचडी की उपाधि




**दमोह।** शिक्षा के क्षेत्र में एक उल्लेखनीय उपलब्धि प्राप्त करते हुए रुचि पालीवाल राजपूत को सेम ग्लोबल यूनिवर्सिटी से अंग्रेजी विषय में पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। उन्हें यह शोध उपाधि शोध निर्देशक डॉ. रिचा पाठक के मार्गदर्शन में प्रदान की गई। उनका शोध विषय "ए स्टडी ऑफ प्रोटगोनिस्ट डेग्रेडेटेशन इन क्रिस्टोफर मारलो" रहा, जिसमें उन्होंने प्रसिद्ध अंग्रेज नाटककार क्रिस्टोफर मारलो डॉ फास्टस के साहित्य में नायक के पतन की गहन विवेचना की है। उल्लेखनीय है कि रुचि पालीवाल राजपूत ने डॉ. विजय लाल स्मृति महाविद्यालय में अंग्रेजी विभाग में सहायक अध्यापक के रूप में लगभग 13 वर्षों तक सेवाएं दी हैं और विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इस उपलब्धि का श्रेय देते हुए उन्होंने ईश्वर के आशीर्वाद के साथ अपने माता-पिता देवेश पालीवाल एवं मालती पालीवाल, सास नविता राजपूत तथा अपने पति पार्षद अभिलाष 'मोनू' राजपूत के सतत सहयोग, मार्गदर्शन और प्रोत्साहन के लिए विशेष आभार व्यक्त किया है। उनकी इस सफलता पर शिक्षण जगत, परिजनों एवं शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

# कान्हा से बाघ शावक रानी दुर्गावती रिजर्व आने की तैयारी

**तेंदूखेड़ा।** दमोह, सागर और नरसिंहपुर जिले के 2339 वर्ग किमी क्षेत्र में फैले प्रदेश के सबसे बड़े वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व में एक नर बाघ लाने की तैयारी है।वर्तमान में यहां 26 से अधिक बाघ बाघिन हैं हाल ही में बाघिन राधा तीसरी बार चार शावकों को जन्म दिया है। यहां बाघों का कुनबा भी तेजी से बढ़ रहा है। बाघ बाघिन दोनों की संख्या में वृद्धि हो रही है। वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व में जनवरी के पहले पखवाड़े में ही यहां पर कान्हा टाइगर रिजर्व से एक बाघ को लाकर यहां पर छोड़ा जाएगा दरअसल सिवनी से कान्हा टाइगर रिजर्व में लाया गया अनाथ शावक अब दहाड़ने के लिए तैयार हो गया है यहां पर तीन साल तक घोरेला बाड़े में चले प्रशिक्षण के बाद उसे खुले जंगल में छोड़ने की तैयारियां की जा रही है जहां भोपाल प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) के आदेश पर कान्हा पार्क प्रबंधन द्वारा बाघ दमोह सागर के नौरादेही वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व में शिफ्ट करने की अनुमति दी गई है इसके लिए कान्हा प्रबंधन के द्वारा तैयारी की जा रही है जहां अब वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर डॉ एए अंसारी द्वारा बाघ को रिजर्व क्षेत्र में शिफ्ट करने की तैयारी शुरू कर दी है और स्थान का चयन किया जा रहा है जहां पर लाए गए बाघ को छोड़ा जाएगा।कान्हा टाइगर रिजर्व के प्रबंधन द्वारा बताया गया है कि वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व में शिफ्ट किए जा रहे बाघ को वर्ष 2022 में पेंच टाइगर रिजर्व के रुखड परिक्षेत्र सिवनी से लाया गया था इस दौरान शावक की उम्र महज 4-5 माह थी कान्हा टाइगर रिजर्व में घोरेला बाड़े में शावक को रखकर शिकार करने प्रशिक्षण दिया गया साथ ही जंगल में स्वतंत्र विचरण के लिए तैयार किया गया है अब करीब 35 माह का हो चुका बाघ (शावक) 7 हेक्टेयर के बाड़े में प्रशिक्षण ले रहा है और अब बाघ (शावक) पूरी तरह शिकार करने के लिए तैयार हो चुका है जिसे खुले जंगल में छोड़ा जाएगा और जंगल में सरवाइव कर सकता है। वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर डॉ एए अंसारी ने बताया गया कान्हा टाइगर रिजर्व से एक बाघ को यहां पर शिफ्ट किया जाना है जिसकी अनुमति भोपाल प्रधान मुख्य वन संरक्षक(वन्यजीव) दी गई है अब कान्हा टाइगर रिजर्व प्रबंधन के द्वारा बाघ (शावक) को शिफ्ट करने की तैयारी की जा रही है इसके लिए नौरादेही (वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर) से समन्वय स्थापित किया गया है सबकुछ ठीक रहा तो जनवरी माह के पहले पखवाड़े में ही बाघ को वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व में शिफ्ट किया जा सकता है।



# भरत चक्रवर्ती की भव्य दिग्विजय यात्रा निकली

## कुबेर ने बरसाए रत्न, आज होगा वात्सल्य नगर भोज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फुटेराकलां



बटियागढ़ तहसील के कस्बा फुटेराकला में श्री समवशरण महामंडल विधान के अंतर्गत शनिवार को भव्य भरत चक्रवर्ती की दिग्विजय यात्रा का आयोजन अत्यंत श्रद्धा और उल्लास के साथ किया गया। यात्रा ढोल-नगाड़ों की गूंज और धार्मिक भजनों के बीच बग्गियों में सवार पात्रों के साथ गांव के प्रमुख मार्गों से निकाली गई। यह धार्मिक आयोजन आ जाए भैया जी के निर्देशन में संपन्न हुआ। यात्रा में संगीत मंडल द्वारा देव, शास्त्र और गुरु के गुणों का गान करते हुए भक्ति-भाव से भजन प्रस्तुत किए गए। दिग्विजय यात्रा में समस्त समाजों के लोगों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। विधान के मुख्य पात्रों ने इंद्र और इंद्राणी की भव्य भेष-भूषा धारण कर यात्रा में विशेष आकर्षण उत्पन्न किया। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के बीच मिष्ठान्न एवं फलों का वितरण किया गया। देखा गया कि पूरे गांव में भरत चक्रवर्ती के स्वागत हेतु रंगोलियां सजाई गईं, वहीं धनपति कुबेर द्वारा रत्नों की वर्षा ने वातावरण को और भी अलौकिक बना दिया। दिग्विजय यात्रा पंडाल से प्रारंभ होकर बाजार, बस स्टैंड सहित मुख्य मार्गों से होते हुए पुनः पंडाल में संपन्न हुई। कार्यक्रम के दौरान पुलिस विभाग का भी पूर्ण सहयोग रहा, जिससे यात्रा शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। सभी समुदायों के लोगों ने अपने-अपने घरों के सामने यात्रा देखा और श्रद्धा से स्वागत किया। यात्रा में प्रमुख रूप से निर्मल कुमार जैन, कार्यकारी अध्यक्ष अमित जैन व्या, विमल जैन बटियागढ़, जयराम असाटी, पुरुषोत्तम सिंह, राजेश असाटी, मुस्लिम समाज के अध्यक्ष डॉ. आरिफ हुसैनी, फरीद भाई, जान रियाज, डॉ. नूरी (दवाखाना), योगेश खरे, लकी श्रीवास्तव, रुपेश साहू, नन्हे पटेल, बबलू खान, जाहिद खान सहित गांव के समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे। 04 जनवरी, रविवार को वात्सल्य नगर भोज का आयोजन किया जाएगा, जिसमें नगर एवं गांव के समस्त नागरिकों को आमंत्रित किया गया है। यह नगर भोज व्या परिवार, फुटेराकला द्वारा आयोजित किया जा रहा है। इस संबंध में जानकारी मीडिया प्रभारी भूपेंद्र जैन कवि एवं संयम जैन द्वारा दी गई। रात्रिकाल में धार्मिक एवं ऐतिहासिक कथा पर आधारित भरत-बाहुबली नाटक का भव्य मंचन किया गया। नाटक में दर्शाया गया कि भरत और बाहुबली सगे भाई थे। चक्रवर्ती बनने के लिए दोनों के बीच नेत्र युद्ध, जल युद्ध और मल्ल युद्ध हुए, जिनमें बाहुबली विजयी रहे। विजय के उपरांत बाहुबली को वैराग्य प्राप्त होता है और वे सांसारिक मोह त्याग देते हैं। यह प्रभावशाली नाटकीय प्रस्तुति अंशुल जैन, टीकमगढ़ की टीम द्वारा दी गई, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। कार्यक्रम ने धार्मिक एकता, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक विरासत का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया।

# पुलिस के सृजन अभियान का समापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दमोह



पुलिस-समाज के मध्य प्रभावी समन्वय बनाने पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर समय समय पर सामुदायिक पुलिसिंग अंतर्गत विभिन्न अभियान चलाये जाते हैं। मुख्यालय के प्रदेश व्यापी सृजन कार्यक्रम के तहत दमोह पुलिस द्वारा भी ई लर्निंग सेंटर पुराने पुलिस कंट्रोल रूम में दिनांक 11 दिसंबर 2025 से 18 दिवसीय सृजन अभियान चलाया गया। अभियान में श्रुतकीर्ति सोमवंशी पुलिस अधीक्षक पुलिस के मार्गदर्शन तथा नोडल अधिकारी सुजीत सिंह भदौरिया अति पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में टीओटी अधिकारी उनि सतीश राठौड़ एवं आरक्षक शक्ति सिंह ने एनजीओ ग्रामीण विकास समिति की मदद से नगर की किशन तलैया एवं कैदो की तलैया की बस्तियों के 43 वंचित बच्चों का चयन किया गया था जिनको विभिन्न दिनांकों में अलग-अलग अधिकारियों एवं असप्रिंट्स द्वारा बच्चों को मुख्य धारा से जोड़ने हेतु अनुशासन (अपुअ सुजीत भदौरिया एवं सूबेदार आकांक्षा जोशी), चरित्र निर्माण (सूबेदार आकांक्षा जोशी), शिष्टाचार(सूबेदार अभिनय साहू), सामाजिक बुराइयां (अपुअ सुजीत भदौरिया), महिला एवं बाल अपराध (निरी फ़ेमिदा खान), साइबर अपराध (निरी नेहा गोस्वामी एवं प्रआ राकेश आठिया), यातायात (निरी दलवीर सिंह मार्को), ह्यूमन ट्रैफिकिंग (उनि सविता रजक एवं प्रआ मंजू टंडन), रोजगार कौशल(उनि सतीश राठौड़), संवाद कौशल (सूबेदार अभिनय साहू,नीलेश व्यास), पॉवर वॉक( उनि सतीश राठौड़), चित्रकला(सूबेदार आकांक्षा जोशी), नशे के दुष्प्रभाव एवं गुड टच-बैड टच (निरी फेमिदा खान एवं निरी रचना मिश्रा),मार्शल आर्ट आदि के संबंध में प्रशिक्षित किया गया। उक्त अभियान का आज दिनांक 03/01/26 को पुराने कंट्रोल रूम में समापन किया गया। समापन पर वंचित बच्चों की आलोक असाटी (सिविल सोसाइटी) द्वारा गर्म कपड़ों, राकेश पुजारी द्वारा वस्त्रों, गणेश अग्रवाल द्वारा अध्ययन सामग्री, मानव जीवन विकास समिति NGO द्वारा गर्म कपड़ों, नीलेश व्यास द्वारा अध्ययन सामग्री से मदद की गई।

## ग्राम जमुनिया में सुनी क्षेत्रवासियों की समस्याएं

**दमोह।** ग्राम जमुनिया पहुँचकर प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री लखन पटेल ने क्षेत्रवासियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके शीघ्र समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा जनसुनवाई का उद्देश्य हर व्यक्ति की आवाज़ को सीधे सुनना, समझना आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गयें।

# गायत्री परिवार शाखा मुहरई ने महायज्ञ कर मनाया वार्षिकोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हटा



समीपवर्ती ग्राम मुहरई के देवश्री हनुमान मंदिर मढ़ा बब्बा में गायत्री महायज्ञ करके शाखा का वार्षिकोत्सव मनाया गया। यज्ञाचार्य पंडित दिनेश दुबे द्वारा सर्वदेव आवाह्न पूजन अर्चन के साथ वैदिक विधि विधान से कर्मकाण्ड संपन्न करवाया गया । यज्ञाहुति करवाते हुए उन्होंने बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ हो रहे अत्याचार व उत्पीड़न के उन्मूलन एवं आसुरी शक्तियों के दमन हेतु गायत्री मंत्र के साथ महाकाली गायत्री के क्लीं बीजमंत्र से भी आहुतियां सम्पन्न करवाईं । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि म.प्र.पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष वरिष्ठ परिजन डॉ रामकृष्ण कुसमरिया ने गायत्री को अमृत,पारस एवं कल्पवृक्ष बताते हुए शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में घर-घर गायत्री एवं घर-घर यज्ञ को पहुंचाने की महत्ता पर जोर दिया। हरिनारायण चौकरया ने धर्म एवं अध्यात्म के तत्वज्ञान का वैज्ञानिक विश्लेषण करने वाली मासिक पत्रिका अखंड ज्योति के नियमित स्वाध्याय करने की बात कही। इस अवसर पर दिल्ली यूनिवर्सिटी में पढ़ाई कर लौटे छात्र चिरंजीव लोमेश पटेरिया का इक्कीसवां जन्मदिन संस्कार भी सम्पन्न हुआ। महायज्ञ में सपत्नीक पधारे पूर्व विधायक पी.एल. तंतुवाय ने कार्यक्रम की भूरि भूरि सराहना की । बाबा जगदीश पटेल के प्रज्ञा गीतों ने श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। कार्यक्रम में उपस्थित डेढ़ दर्जन गांव के परिजनों के प्रति पंडित गिरधर पटेरिया ने आभार व्यक्त करते हुए 6 से 9 जनवरी तक सम्पन्न होने वाले इक्यावन कुंडीय गायत्री महायज्ञ नोहटा में सम्मिलित होने का अनुरोध किया। गक्कड़ भर्ता भोज के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# नरसिंहगढ़ बस स्टैंड पर अहिरवार समाज का हंगामा

## दो साल से पुलिस चौकी में रखी बाबा साहेब की प्रतिमा को स्थापित करने की मांग



**नरसिंहगढ।** ग्राम नरसिंहगढ़ में संविधान निर्माता भीमराव अंबेडकर साहब की प्रतिमा को रखने को लेकर भारी संख्या में लोगो ने पहुंचकर प्रदर्शन किया। डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा नरसिंहगढ़ बस स्टैंड पर स्थापित की गई थी। कुछ ही घंटे के बाद 23 सितंबर 2023 को पथरिया अनुविभाग की अधिकारियों के आदेश और 20 दिन के आश्वासन पर बाबा साहब अंबेडकर की प्रतिमा को हटा दिया गया। बस स्टैंड से बाबा अंबेडकर की प्रतिमा पुलिस चौकी नरसिंहगढ़ में रखवा दी गई। लगातार क्षेत्र के लोगों के द्वारा कई बार ज्ञापन दिए गए। इसके बाद भी बाबा साहब अंबेडकर जी की प्रतिमा स्थापित नहीं हो पाई जिसको लेकर आज क्षेत्र के सभी वर्ग के लोग नरसिंहगढ़ बस स्टैंड पर महिलाओं के साथ पहुंचे जहां पर प्रतिमा स्थापना की बात कही। बाबा साहब अंबेडकर प्रतिमा को लेकर कुछ दिन पहले कलेक्ट्रेट में भी ज्ञापन दिया गया लेकिन कुछ भी नहीं हुआ। ग्राम के लोगों का कहना है कि शासन को यह भी कहा गया था कि सात दिवस के अंदर बाबा साहब की प्रतिमा नहीं स्थापित की जाती है तो चक्का जाम किया जाएगा। जब नरसिंहगढ़ में सुबह से भीड़ बढ़ने लगी नरसिंह बस स्टैंड पर मौके पर पहुंचे सी एस पी एच आर पांडे देहात थाना के पुलिस बल के साथ पथरिया एसडीएम निकत चौरसिया, नयव तहसीलदार बिंद्रेश पांडे नरसिंहपुर पुलिस चौकी प्रभारी अभिषेक पटेल मौके पर पहुंचे व प्रदर्शनकारियों से बातचीत की। लगभग दो-तीन घटे भीड़ इधर की उधर होती रही। इसके बाद बहुजन समाज पार्टी से कोमल अहिरवा, रमेश अहिरवार और सभी के बीच बात रखी गई। नरसिंहगढ़ बस स्टैंड पर जिस जगह पर बाबा साहब अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित होनी थी। उसे जगह पर हाईकोर्ट स्ट लगा हुआ है इसलिए जब तक कोर्ट का फैसला नहीं होता उसे जगह को लेकर अभी हम लोग कुछ नहीं कह सकते है। बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ता कोमल अहिरवार ने शासन प्रशासन से मांग किया जल्द से जल्द बाबा साहब अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित कराई जाए। इस दौरान कोमल अहिरवार, रमेश अहिरवार, दलू अहिरवार, मूरत प्रसाद अहिरवार, राजकुमार अहिरवार, खिलौना अहिरवार, गोटालु अहिरवार, रामनाथ अहिरवार, हीराबाई अहिरवार, राम भरोसे अहिरवार, प्रेम नारायण अहिरवार भारी संख्या में अहिरवार समाज उपस्थिति रही।

पथरिया एसडीएम निकत चौरसिया ने कहा कि लोगो से कहा है कि आप दूसरी जगह देख लो, प्रतिमा स्थापित करवा देंगे। जिस जगह पहले प्रतिमा स्थापित की गई थी वहां स्टे आर्डर आ गया। अब वहां पर कोर्ट का फैसला जब आएगा उसके बाद ही कुछ होगा।

सीएसपी एच आर पांडे दमोह कहना है की भीड़ की सूचना मिलने पर हम लोग पहुंचे व शांति पूर्ण वातावरण बनवाया। दूसरी जगह देखने के लिये कहा है जहां प्रतिमा स्थापित कराई जा सके।

# विशाल नशा मुक्ति रैली का आयोजन



**जबेरा/बनवार।** राष्ट्र शौर्य समृद्धि 51 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के प्रथम चरण के अंतर्गत शनिवार को नोहटा नगर में मुख्य सड़कों से होकर एक विशाल नशामुक्ति रैली का आयोजन किया गया। रैली में स्थानीय नागरिकों के साथ-साथ जिले भर से आए समयदानी भाई-बहनों की उल्लेखनीय सहभागिता देखने को मिली। रैली के दौरान लाउड स्पीकर के माध्यम से नशा विरोधी नारे और प्रेरणाप्रद उद्बोधन प्रसारित किए गए, जिन्होंने नोहटा के नागरिकों को गहराई से प्रभावित किया। रैली में गूंजे हृदयस्पर्शी नारे "नशा नाश की जड़ है भाई, इसके फल अतिशय दुखदाई।" "दारू पीने में क्या शान? गली-गली होता अपमान।" नशामुक्ति का संदेश देते हुए रैली नगर भ्रमण के पश्चात पुनः यज्ञ आयोजन स्थल पर पहुँचकर संपन्न हुई। रैली के पूर्व यज्ञ स्थल पर स्वास्थ्य विभाग एवं महिला-बाल विकास विभाग के सहयोग से एक बड़ी गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य विभाग की अधिकारी श्रीमती ममता गुप्ता ने महिलाओं से कहा कि सरकारी सेवाओं के माध्यम से वे न केवल अपने परिवारों का भरण-पोषण कर रही हैं, बल्कि समाज की महिलाओं, गर्भवती माताओं और नवजात शिशुओं को स्वस्थ रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने बताया कि नोहटा में 6 जनवरी से प्रारंभ होने वाले 51 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के अंतर्गत कन्या कौशल शिविर में नारी जागरण का संदेश दिया जाएगा तथा गर्भवती महिलाओं का पुंसवन संस्कार निःशुल्क कराया जाएगा, जिससे नई पीढ़ी को गर्भ से ही संस्कारवान बनाया जा सकेगा। इंजीनियर सत्येंद्र सिंह ने अपने उद्बोधन में महिलाओं को सशक्त बनाने हेतु चल रही सरकारी योजनाओं की सराहना करते हुए महिलाओं से इन योजनाओं का पूर्ण लाभ उठाने का आह्वान किया। गोष्ठी में वरिष्ठ गायत्री परिजन अर्जुनलाल पटेल, रतनलाल अग्रवाल एवं भूपेंद्र तिवारी ने भी महिलाओं को संबोधित कर नशामुक्त समाज और संस्कारवान पीढ़ी के निर्माण पर जोर दिया। इस आयोजन में गायत्री शक्तिपीठ दमोह से आरजू लाल पटेल, सरेंडर अग्रवाल, लक्ष्मण विश्वकर्मा, लंबडदार, राठौर, भूपेंद्र तिवारी, स्वर्णलता गर्ग, भूरन रैकवार सहित अनेक कार्यकर्ताओं का सक्रिय सहयोग रहा।

## खबर संक्षेप

### कृषकों के खाते में अगली किस्त के साथ भावांतर की राशि प्राप्त होगी

**दमोह।** कृषि उपज मंडी समिति पथरिया में भावांतर भुगतान योजना 2025 अंतर्गत कृषको द्वारा अपनी उपज सोयाबीन का विक्रय किया गया था, परंतु लिपिकीय त्रुटि के कारण हम्मलों एवं तुलावटी को भुगतान की गई राशि को नगद भुगतान लिख देने के कारण कृषक भावांतर भुगतान योजना का लाभ लेने से वंचित हो गए थे। अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं भारसाधक अधिकारी कृषि उपज मंडी पथरिया निकेत चौरसिया ने बताया ऐसे समस्त कृषकों को भावांतर भुगतान योजना के अंतर्गत भुगतान दिलाने के लिए प्रस्ताव शासन को प्रेषित किया गया है । शासन को प्रेषित प्रस्ताव के फलस्वरुप समस्त कृषकों के खाते में अगली किस्त के साथ भावांतर की राशि प्राप्त होगी, बैंक खातों में डीबीटी नहीं होने के कारण कुछ कृषकों के भुगतान फेल हुए हैं, जिन कृषकों के भुगतान फेल हुए हैं, उन कृषक बंधुओ से अनुरोध है कि बैंक जाकर अपने खाते में डीबीटी अवश्य करवा लें, ताकि समस्त कृषकों को भावांतर भुगतान का लाभ प्राप्त हो सके।

### तीन महिलाए हाई रिस्क चिन्हित

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा दिए गए निर्देशानुसार खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ आर आर बागरी द्वारा सेक्टर कुम्हारी के ग्राम घोघरा की 07 गर्भवती महिलाओं को जांच के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पटेरा लाया गया। स्वास्थ्य केन्द्र पर डॉ. पूर्वशी राय द्वारा सभी महिलाओं की जांच कर लैब से सभी टेस्ट कराए गए। इनमें से तीन महिलाएं हाई रिस्क चिन्हित की गई। सभी महिलाओं के लिए उचित उपचार व परामर्श दिया गया।

## पथरिया से दमोह सड़क मार्ग पर थैगडे लगना शुरू ...



**पथरिया।** पथरिया से दमोह सड़क मार्ग पर जगह जगह गड्ढे व डामरीकरण उखड़ने के कारण वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था। एमपीआरडीसी द्वारा शनिवार से दमोह तरफ से थैगडे लगाने का कार्य शुरू किया गया है जिसमें कुछ दिनों बाद पूरे सड़क मार्ग पर जहां जहां गड्ढे होंगे वहां थैगडे लग जायेंगे। इससे आवागमन में गड्ढों से राहत मिल जाएगी, जिससे की सफर कुछ आसान हो पाएगा।

## जैन मंदिर का छात्र एवं दान पेटी उड़ा ले गए चोर



**जबेरा।** जबेरा के नजदीकी ग्राम भाट खमरिया के तारण तरण दिगंबर चैतनयालय जैन मंदिर में 1 जनवरी की रात्रि में अज्ञात चोरों के द्वारा मुख्य द्वार का ताला तोड़कर के लगभग 250 ग्राम वजन का चांदी का छत्र एव जिनवाणी के समीप राखी दान पेटी चुरा कर ले गये हैं। बताया जाता है कि दिनांक 1 जनवरी 2026 को मंदिर में सायम कालीन पूजा की गई थी। पूजन के उपरांत मंदिर को विधिवत रूप से ताला लगाकर के बंद किया गया था। दिनांक 2 जनवरी 2026 के सुबह करीब 7:00 बजे ग्राम के अजय जैन ने देखा कि मंदिर के मुख्य द्वार का ताला टूटा हुआ है एवं मंदिर से भगवान का छत्र एवं दान पेटी गायब है तो उन्होंने ग्राम में समाज के वरिष्ठ लोगों को अवगत कराया तब समाज की लोग श्री सुरेंद्र जैन पूर्व जनपद पंचायत जबेरा उपाध्यक्ष के नेतृत्व में शक्ल दिगंबर जैन समाज के लोग मंदिर पहुंचे तथा मौका मुहाना किया एवं पाया कि मंदिर से एक छात्र लगभग 250 ग्राम बजनी एवं एक दान पेटी लगभग 30 किलोग्राम वजन की अज्ञात चोर चुरा कर ले गए हैं । ग्राम के अन्य लोगों को भी इस बारे में बताया गया तब ग्राम के जनप्रतिनिधि एवं ग्राम वासियों की सलाह से सकल दिगंबर जैन समाज भाट खमरिया के सदस्यों ने पूर्व जनपद पंचायत उपाध्यक्ष सुरेंद्र जैन नरेंद्र जैन राजेंद्र जैन अजय जैन आदि के साथ पुलिस थाना जबेरा पहुंच करके चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। जबेरा पुलिस के द्वारा रिपोर्ट दर्ज करके मामले की जांच प्रारंभ कर दी गई है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही चोरों को गिरफ्तार कर लिया जावेगा।

## चार पंचायतों के 12 गांवों का कोर जोन के खिलाफ विरोध



**तेंदूखेड़ा।** नौरादेही विस्थापन संघर्ष समिति के द्वारा चार पंचायत में संलग्न 12 ग्रामों के लोगों को कोर जोन में शामिल करने पर क्षेत्रवासी विरोध कर रहे हैं। क्षेत्र वासियों का कहना है कि हमारे क्षेत्र को बफर जोन में शामिल किया जाए ताकि शासन प्रशासन द्वारा चलाई जारी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ हमारे क्षेत्रवासियों को आसानी से मिल सके। नौरादेही विस्थापन संघर्ष के तत्वाधान में चार पंचायतों के अंतर्गत आने वाले 12 ग्रामों में निरंतर बैठको के माध्यम से ग्राम सभा बुलाकर प्रस्ताव पारित किया जा रहा है की हमारे क्षेत्र को कोर जोन से हटाया जाए कोर जोन क्षेत्र होने के कारण क्षेत्र वासियों को विभिन्न प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। तथा मूलभूत सुविधाओं पर प्रतिबंध होने के कारण कई प्रकार की समस्याएं उत्पन्न हो रही है नौरादेही विस्थापन संघर्ष समिति के कार्यकारी अध्यक्ष एवं सलाहकार श्रीकांत सिंह पोरते ने बताया सनाई,वोरिया, देवरी शंकर की संयुक्त बैठक का आयोजन ग्राम सनाई मैं किया गया जिसमें प्रस्ताव लाया गया कि चार पंचायत के अंतर्गत आने वाले 12 ग्रामों को पुनः बफर जोन में शामिल किया जाए। यह प्रस्ताव सर्वसम्मति से पास किया गया। सभी ग्रामों के पास प्रस्ताव अति शीघ्र जिला प्रशासन को सौंपें जाएंगे नौरादेही विस्थापन संघर्ष समिति के सचिव मानसिंह यादव ने बताया कि कोर जोन में शामिल होने के कारण हम लोगों को कोई भी योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है इसलिए इस क्षेत्र को पुनः वफर जोन में शामिल करने हेतु गांव-गांव बैठकों का दौरा जारी है तथा क्षेत्र वासियों का भारी समर्थन मिल रहा है इस अवसर पर जुगल किशोर पटेल,वसोरी पटेल, कोमल चंद जैन, कैलाश यादव, दिनेश खरे सरपंच, जगन सरपंच, नोने लाल, कुंजबिहारी विश्वकर्मा, शिवलाल,सोने सींग,गुमान सींग, ज्ञानी, सहित वड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

## मंत्र हमारे जीवन में कल्याण का मार्ग प्रशस्त करते है: मुनि श्री प्रमाण सागर जी

### सिद्धक्षेत्र कुण्डलपुर में आयोजित वृहद महा शांतिधारा में मुनि श्री प्रमाणसागर जी महाराज ने बताया मंत्रो का महत्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह





सुप्रसिद्ध सिद्धक्षेत्र कुण्डलपुर में युगश्रेष्ठ परम पूज्य संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज एवं परंपराचार्य आचार्य श्री समयसागर जी महाराज के मंगल आशीर्वाद से परम पूज्य गुणायतन प्रणेता मुनि श्री प्रमाणसागर जी महाराज के मंगल सानिध्य में पूर्णमासी के अवसर पर वृहद शांति धारा का आयोजन किया गया ।इस अवसर पर शांतिधारा करने का सौभाग्य श्रेष्ठी संजय डॉ. मनीषा मेहुल सिंघई रतनचंद श्रद्धा जैन परिवार यूएसए, आलोक प्रियंका ऐरा सतीश जैन परिवार इतवारी नागपुर, ललितेश मुकेश नितिन अंकित जैन परिवार फिरोजाबाद ,पंकज अतिशय यश जैन मुरादाबाद ,अनुराग जिनेश कुमार सोधिया गढ़ाकोटा ने प्राप्त किया। मुनि श्री प्रमाण सागर जी महाराज ने वृहद शांतिधारा का वाचन किया ।इस अवसर पर मुनि श्री ने वृहद शांतिधारा का महत्व बतलाते हुए कहा जब कभी भी हमारा मन अशांत होता है,तो अरिष्ट निवारक इन वृहद शांतिमंत्रों का प्रयोग किया जाता है। उन्होंने कहा कि ऋद्धीमंत्रों का जाप जीवन में शांति, सद्भाव और सकारात्मक ऊर्जा को स्थापित कर वातावरण को शांत और पवित्र बनाता है, जो मानसिक शांति और आध्यात्मिक उत्थान में सहायक सिद्ध होता है, इन मंत्रों के जाप से अशुभ कर्म नष्ट हो जाते है जो समाज में आध्यात्मिक शुद्धि ओर एकता की ओर अग्रसर करता है तथा व्यक्तिगत रुप से सांसारिक दुखों से मुक्ति पाने में मदद करता है, शांतिमंत्रों की तरंगें शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव डालती हैं तथा यह माना जाता है कि शांतिमंत्रों के नियमित प्रयोग से बीमारियाँ दूर हो जाती हैं और जीवन में सुख-समृद्धि आती है। प्रचारमंत्री जयकुमार जैन जलज ने बताया कि आज प्रातः 9 बजे से 10 बजे तक ५५ मिनट की यह वृहद शांतिधारा मुनि श्री के मुखारविंद से संपन्न की गई

मुनि श्री ने कहा कि मंत्रों की एकाग्रता से सांसारिक चिंताओं से दूर होकर आत्मा के शुद्ध स्वरूप पर ध्यान केंद्रित हो जाता है ।आत्मज्ञान ही हमारे जीवन के उत्कर्ष का आधार है,आत्मा को जाने बिना कभी भी कल्याण नहीं हो सकता जिसको एक बार आत्मज्ञान हो जाता है,उसकी प्रवृत्ति में स्वाभाविक सहजता आ जाती है।में कौन हुं?मेरा स्वरूप क्या है? मेरा गुणधर्म क्या है?मेरा स्वभाव क्या है? जो इस बात को समझ लेता है,उसका भ्रम टूटता है,वृह्म के बोध से ही मर्म का निवारण होता है।

भ्रम टूटने से ही मर्म की उपलब्धि और कर्म का निवारण होता है,आचार्य कुंदकुंद देव कहते है कि में कौन हूं ? जिस दिन जीवन की यह सच्चाई को जान लोगे, तो तुम्हारा सारा व्यामोह दूर होकर जीवन की दशा और दिशा बदल जाऐगी।उन्होंने कहा कि क्षण मात्र के सुख के पीछे अपने संपूर्ण जीवन और अपनी संपूर्ण शक्ति को इस ₹काम भोग₹ की लालसा में लगा देते हो, मुनि श्री ने कहा कि अब भी सम्भल जाओ? यह काम भोग शरीर की खाज खुजाने के समान है उसको खुजलाने में सुख नहीं मिलता उस पर मलहम लगाने में ही सार है।उसी प्रकार जिसको आत्मज्ञान हो जाता है,वह काम भोग की खुजली को खुजलाता नहीं उस खाज पर तत्वज्ञान की मलहम लगाकर उसे स्थाई रुप से ठीक करता है। इस अवसर पर पूज्य मुनि श्री संधानसागर जी महाराज सहित समस्त क्षुल्लक जी एवं ब्रह्मचारी भैया, कुंडलपुर क्षेत्र कमेटी के पदाधिकारी, सदस्य,बड़ी में संख्या देश के कोने-कोने से आए श्रद्धालु भक्त उपस्थित थे। आज भी श्रद्धालुओं ने अभिषेक, पूजन एवं आहारचर्या में भाग लेकर जीवन कृतार्थ किया। शंका समाधान का भी भव्य आयोजन हुआ। भक्तामर दीप अर्चना और पूज्य बड़े बाबा की महाआरती संपन्न हुई।

### कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ

**दमोह।** नगर के फुटेरा वार्ड नंबर 4 स्थित श्री राम जानकी मंदिर प्रांगण शाला, फुटेरा वार्ड नर्सिंग मंदिर के पास दमोह में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन आज 04 जनवरी से 10 जनवरी तक स्वामी श्री अखंडानंद सरस्वती जी महाराज के परम कृपा पात्र महंत गुरुदेव स्वामी श्रवणानंद सरस्वती महाराज के मुखारविंद से होने जा रहा है। जिसकी आज सुबह कलश यात्रा 04 जनवरी 2026 दिन रविवार को सुबह 09 से प्राचीन श्री राम मंदिर, बहराम टॉकीज के पीछे प्रेम निवास लॉज के पास दमोह से प्रारंभ होकर घंटाघर, मीनाक्षी मंदिर, महाकाली चौराहा होते हुए कथा स्थल श्री राम जानकी मंदिर प्रांगण शाला फुटेरा वार्ड में पहुंचेगी। यात्रा के उपरांत कथावाचक महंत गुरुदेव स्वामी श्रवणानंद सरस्वती महाराज के मुखारविंद से आप सभी धर्म प्रेमी बंधुओ माता बहनों को कथा सुनायेगे। आयोजक श्रीमती पुष्पा गोविंद तिवारी ने अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होकर धर्म लाभ लेने की अपील की है।

## युवक की आत्महत्या के मामले में सैकड़ों लोग पहुंचे थाने



**हटा।** विगत दिनों नाबालिग बच्चियों ने शास्त्री वार्ड गढ़यि निवासी एक युवक के ऊपर छेड़छाड़ का आरोप लगाया था,घटना की सूचना पर युवक के घर पहुंची हटा पुलिस के ऊपर परिजनों ने धमकाने का आरोप लगाया था, इसके उपरांत युवक ने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर फाँसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी जिससे पीड़ति परिवार के लोग शनिवार को न्याय की गुहार लगाने बड़ी संख्या में हटा थाने पहुंचकर कार्यवाही की मांग की गई। जहां थाना प्रभारी सुधीर बेगी से परिजनों के साथ से समाज के लोगों ने चर्चा कर नाबालिक लड़कियों एवं पुलिस टीम पर कार्रवाई की मांग की गई जहां थाना प्रभारी ने विस्तार से चर्चा कर लोगों को आश्वासन दिया कि मामले की विस्तृत जांच कार्यवाही की जावेगी तब कहीं जाकर सैकड़ों की संख्या में आए पीड़ित परिजनों के साथ लोगों का गुस्सा शांत हुआ।

## अवैध शराब के खिलाफ महिलाओं ने दिखाया आक्रोश

### दो दिन में कार्रवाई का आश्वासन, नहीं रुकी शराब तो होगा विशाल आंदोलन

**जबेरा/बनवार।** नोहटा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम घांघरी, हरदुआ, सड़क, भजिया, बहेरिया, कुलुवापटी, कनेपुर एवं मौसीपुरा में खुलेआम बिक रही अवैध शराब के खिलाफ ग्रामीण महिलाओं का गुस्सा आज फूट पड़ा। बड़ी संख्या में महिलाएं एकजुट होकर नोहटा थाना पहुँचीं और अवैध शराब की बिक्री पर तत्काल रोक लगाने की मांग की। महिलाओं ने एसडीओ को ज्ञापन सौंपने की मांग की, लेकिन किसी कारणवश एसडीओ मौके पर उपस्थित नहीं हो सके। इसके बाद थाना प्रभारी ने महिलाओं से संवाद करते हुए दो दिन का समय मांगा और संबंधित गांवों में अवैध शराब बेचने वाले कारोबारियों की सूची उपलब्ध कराने को कहा। थाना प्रभारी ने भरोसा दिलाया कि सूची प्राप्त होते ही दो दिन के भीतर ठोस कार्रवाई की जाएगी। थाना परिसर में महिलाओं ने कहा कि अवैध शराब के कारण गांवों का सामाजिक माहौल बिगड़ रहा है, घरेलू हिंसा की घटनाएं बढ़ रही हैं और परिवारों की आर्थिक स्थिति पर बुरा असर पड़ रहा है। थाना प्रशासन की समझाइश और कार्रवाई के आश्वासन के बाद महिलाएं शांत होकर वापस लौटीं। इस आंदोलन में जनपद उपाध्यक्ष रश्मि सिंह, संगठन की ब्लॉक अध्यक्ष मालती ठाकुर, बरसा अहिरवार, ओमवती ठाकुर, रामवती उपाध्याय सहित कई प्रमुख महिला कार्यकर्ता उपस्थित रहीं। वहीं भगवती मानव कल्याण संगठन की ओर से भी सैकड़ों की संख्या में महिलाओं व ग्रामीणों की सहभागिता रही। महिलाओं और संगठनों ने चेतावनी दी है कि यदि तय समय-सीमा में अवैध शराब की बिक्री पर पूर्ण रूप से रोक नहीं लगाई गई, तो आने वाले दिनों में महिलाओं को साथ लेकर विशाल धरना-प्रदर्शन और आंदोलन किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। अवैध शराब के खिलाफ उठी यह आवाज अब प्रशासन के लिए एक बड़ी चुनौती बनती जा रही है। ग्रामीण महिलाएं साफ शब्दों में कह रही हैं— "या तो गांव में शराब बंद होगी, या फिर आंदोलन और तेज़ होगा।"



खबर का हुआ असर

## दलित आदिवासी मोहल्ले में रखा गया ट्रांसफार्मर

**जबेरा।** विगत दिवस दैनिक हरिभूमि समाचार पत्र में जनपद पंचायत जबेरा की ग्राम पंचायत भजिया में आम आदमी पार्टी की सभा में उपस्थित दलित आदिवासी भाइयों ने बताया था कि उनके मोहल्ले में विगत दो वर्षों से ट्रांसफार्मर नहीं है तथा सभी मोहल्लेवासी अंधेरे में जीवन जीने बिवस हैं । उक्त खबर को दैनिक हरिभूमि ने प्रमुखता से उठाया था उक्त खबर पर संज्ञान लेते हुए विद्युत विभाग के अधिकारियों के द्वारा शनिवार को ग्राम भजिया की दलित आदिवासी मोहल्ले में ट्रांसफार्मर रख दिया गया है तथा मोहल्ले में बिजली का प्रवाह शुरू हो गया है इस कारण से मोहल्ले वासियों में प्रसन्नता का माहौल है।

## संगठन के कार्यकर्ताओं ने पकड़वाई अबैध शराब

**बटियागढ।** भगवती मानव कल्याण संगठन के कार्यकर्ताओं द्वारा बटियागढ थाना क्षेत्र रेस्ट हाउस के पास सरिया फुटेरा मार्ग पर 01 जनवरी की रात्रि को करीब 10 बजे संगठन के कार्यकर्ता दुर्गा चालीसा पाठ में सम्मिलित होने पर जा रहें थे तभी सामने से आ रहे शराब माफिया संगठन के कार्यकर्ताओं को देखकर भागने लगे जिसकी सूचना संगठन के कार्यकर्ताओं ने पुलिस को दी। जब तक मौके पर पहुंची पुलिस तब तक माफियाओं द्वारा संगठन के कार्यकर्ता के साथ झीमा झपटी कर दी और शराब लेकर भाग गए। संगठन के कार्यकर्ताओं का आरोप है कि शराब माफिया चार पेटी शराब लिए थे। मगर पुलिस द्वारा एक पेटी की एफआईआर दर्ज की गई है । बटियागढ थाना प्रभारी रजनी शुक्ला द्वारा कहा गया है मैं वहां के सीसीटीवी फुटेज निकलवाता हूं और यदि चार पेटी कैमरे में आती है तो आगे और भी कार्यवाही की जावेगी।

### कंबल वितरण अभियान जारी

**बनवार।** भीषण शीतलहर को देखते हुए जबेरा जनपद की ग्राम पंचायत सगरा अंतर्गत आदिवासी टोला पड़री रामपुर में जरूरतमंद आदिवासी परिवारों को ठंड से राहत पहुंचाने का मानवीय प्रयास किया गया। नोहटा थाना प्रभारी अभिषेक पटेल की पहल पर युवा समाजसेवी शेरा जैन के नेतृत्व में आदिवासी परिवारों को कंबल वितरित किए गए। कंबल वितरण के दौरान आदिवासी परिवारों के चेहरों पर राहत और संतोष साफ दिखाई दिया। आयोजकों ने बताया कि ग्रामीण और आदिवासी अंचलों में ठंड का असर अधिक होता है, ऐसे में यह पहल जरूरतमंदों के लिए बड़ी राहत साबित हो रही है। इस अवसर पर भोला सेठ, मिट्ठु यादव, प्रिंस रवि राज, मनोज राजपूत एवं महबूब खान की उपस्थिति रही। सभी ने इस सेवा कार्य को मानवता और सामाजिक जिम्मेदारी का उदाहरण बताया। स्थानीय ग्रामीणों ने नोहटा थाना प्रभारी अभिषेक पटेल एवं युवा समाजसेवियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे प्रयासों से समाज में सहयोग, संवेदना और भाईचारे की भावना मजबूत होती है।

## जीवन शुद्धि का वार्षिक संस्कार माघ का प्रयागराज मेला- श्री भगवान वेदांताचार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह



देश के विभिन्न शहरों में धर्म की पताका लहराने वाले दमोह स्थित साकेत धाम के महंत श्री श्री भगवान वेदांताचार्य रसिक जी ने बताया कि साधना, सेवा और संयम एक साथ चलते हैं। उसे प्रयागराज कहते है, जिसकी विशेष मान्यताएं कल्पवास की परंपरा बन कर पौष पूर्णिमा से माघ पूर्णिमा तक संगम तट पर निवास को निभाता आ रहा है। यह केवल स्नान नहीं, बल्कि संयम, जप, मौन, अल्पाहार और सेवा का पूर्ण व्रत माना गया है। जिसे कल्प कहते है संगम में आध्यात्मिक जीवन शैली अपना कर यह वास करने से यह कल्पवास हुआ। गंगा-यमुना का भौतिक संगम और सरस्वती का अदृश्य संगम तीनों का मिलन मन, प्राण और चेतना के एकीकरण का प्रतीक है। इसलिए माघ स्नान को "आंतरिक शुद्धि का अनुष्ठान" कहा गया। ब्रह्म मुहूर्त में सूर्योदय से पूर्व स्नान को विशेष फलदायी माना गया है। शास्त्रीय मान्यता है कि इस समय प्रकृति में सत्व गुण प्रबल रहता है। तीर्थों का तीर्थ महातीर्थ ही प्रयाग है पद्मपुराण के अनुसार माघ में प्रयाग स्वयं तीर्थ बन जाता है अर्थात अन्य सभी तीर्थों का पुण्य यहाँ एकत्र हो जाता है। धर्मसभा और शास्त्रार्थ की परंपरा से ही इस की दिव्यता ओर भी अधिक बढ़ जाती हैं यह स्नान का नहीं, बल्कि सदियों से वेद-वेदांत, मीमांसा, न्याय और भक्ति पर विमर्श का केंद्र रहा है। आधुनिक "धर्म संसद" की जड़ें यहीं मिलती हैं। दान का सूक्ष्म नियम यही फलीभूत होता दिखाई देता है माघ में दिया गया तिल, कंबल, अन्न, घी और वस्त्र सामान्य समय की अपेक्षा कई गुना फलदायी माना गया है, क्योंकि दान त्याग-भाव से जुड़ा होता है। कुंभ से अभिन्न स्वरूप पर आंतरिक कुंभ का समायोजन जिसमें 12 वर्षों में कुंभ, 6 वर्षों में अर्धकुंभ परंतु माघ मेला प्रतिवर्ष होता है और साधकों के लिए अधिक अनुशासित व सात्त्विक वातावरण देता है। इस वर्ष भी प्रत्येक वर्ष की भांति एक माह तक दमोह के आध्यात्मिक समर्पण की धारा में सवा लाख मानस पाठ साकेत धाम आश्रम एक माह तक निःशुल्क भोजन आवास और स्वास्थ की सेवा का जन कल्याणार्थ आयोजन कर रहा है जिसमें आप की उपस्थिति हृदयंगम होकर संगम बन सके। साकेत धाम की ओर से कल्पवास का आयोजन दिनांक 03 जनवरी से 01 फरवरी तक किया जा रहा है। यह प्रयागराज में रामानंद अ मार्ग चौराहा, अक्षयवर मार्ग दक्षित पटटी संगम पूर्व माघ मेला क्षेत्र प्रयागराज में होगा।

## उप स्वास्थ्य केंद्र घाना मैली का हुआ लोकार्पण



हरिभूमि न्यूज ⏭ जबेरा

विधानसभा क्षेत्र 56 जबेरा में इस समय स्थानीय विधायक एवं राज्य सरकार के मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी के द्वारा विकास की गंगा बहाई जा रही है। उसी क्रम में शनिवार दिनांक तीन जनवरी 2026 को मंत्री द्वयश्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने 65 लख रुपए की लागत से बने नवनिर्मित उप स्वास्थ्य केंद्र का फीता काटकर के उद्घाटन किया उक्त अवसर पर मंत्री श्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने कहा कि हमारी सरकार का उद्देश्य क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करना है सरकार का प्रयास है कि लोगों को उनके घर के नजदीक ही स्वास्थ्य सुविधाएं मिले उन्होंने कहा कि इस उप स्वास्थ्यकेंद्र के शुरू हो जाने से क्षेत्र के लोगों के लिए स्वास्थ्य के संबंध में एक बड़ी सुविधा मिलेगी हमारा प्रयास है कि हम लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाये दें निश्चित ही इस केंद्र के निर्माण से ग्राम वासियों सहित अन्य ग्राम के लोगों को उपचार हेतु अब जबेरा अथवा नोहटा नहीं जाना पड़ेगा उन्हें ग्राम में ही उपचार की सुविधा प्राप्त होगी। मंत्री महोदय ने डॉक्टर को निर्देशित किया कि वह इसी ग्राम घाना मैली में ही निवास करके लोगों का उपचार करें । कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गौरव पटेल,सांसद प्रतिनिधि रूपेश सेन, जबेरा मंडल अध्यक्ष बंटी दुबे, नोहटा मंडल अध्यक्ष सतपाल सिंह, कमल सिंघाई,नीरज जायसवाल, सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं ग्राम वं आसपास के ग्राम वासियों की उपस्थिति रही।